नई दिल्ली, बुधवार
17 अप्रैल, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+8=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित
भये प्रकट कृपाला...

कानपुर आइआइटी से पढ़े आदित्य श्रीवास्तव सिविल सेवा परीक्षा के टापर 1
यह चुनाव उन लोगों को सजा देने के लिए है, जो संविधान के खिलाफ हैं: मोदी 3



# हम हैं जागरण

## अखबार नहीं, है एक अभियान क्योंकि जड़ों में है राष्ट्र-निर्माण

जागृत हैं तो जीवित हैं हम। यही मूलमंत्र है दैनिक जागरण का। हमारी सुबह शुरू होती है इस विश्वास से कि हम आपके जीवन में जागृति लाते हैं हर पल, हर दिन

दैनिक जागरण
देश का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

SOURCE: IRS Q4 2019, TR

********

नई दिल्ली, बुधवार
17 अप्रैल, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+8=22

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



आइएमएफ ने भारत के विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 6.8% किया 8

पीएम चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज करेंगे: नड्डा 9

# कानपुर आइआइटी से पढ़े आदित्य श्रीवास्तव सिविल सेवा परीक्षा के टापर

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा, 2023 का परिणाम घोषित कर दिया। इसमें कानपुर आइआइटी से पढ़े और प्रशिक्षु आइपीएस आदित्य श्रीवास्तव ने पहला, अनिमेष प्रधान ने दूसरा, डोनुरु अनन्या रेड्डी ने तीसरा, पीके सिद्धार्थ रामकुमार ने चौथा व रुहानी ने पांचवां स्थान हासिल किया है।

कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें 30 दिव्यांग भी हैं। शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। शीर्ष पांच स्थानों में तीन पुरुष व दो महिलाएं हैं और इनमें से तीन-श्रीवास्तव, रामकुमार व रुहानी प्रशिक्षु आइपीएस हैं। एक दशक से ज्यादा समय में यह पहली बार है, जब प्रशिक्षु आइपीएस ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। आयोग ने बताया कि अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में हासिल अंक परीक्षा परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के अंदर वेबसाइट पर उपलब्ध हो जाएंगे।

शीर्ष स्थान हासिल करने वाले 27 वर्षीय आदित्य श्रीवास्तव ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उनके पास एमटेक की डिग्री भी है। वह लखनऊ के रहने वाले हैं। उन्होंने परीक्षा में अपने वैकल्पिक विषय के रूप में भी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को चुना था। 2022 की परीक्षा में उन्होंने 236वीं रैंक हासिल की थी। राउरकेला स्थित एनआइटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक 24 वर्षीय अनिमेष प्रधान ने वैकल्पिक विषय के रूप में समाज शास्त्र को चुना था। वह ओडिशा में अंगुल जिले के तलचर कस्बे के निवासी हैं और वर्तमान में दिल्ली में इंडियन आयल कारपोरेशन में कार्यरत हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (आनर्स) डोनुरु अनन्या रेड्डी ने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना था। 22 वर्षीय रेड्डी तेलंगाना में महबूबनगर की रहने वाली हैं।



टापर आदित्य श्रीवास्तव ● डोनुरु अनन्या रेड्डी, रैंक 3 रुहानी, रैंक 5 वरदाह खान, रैंक 18, नोएडा आकाश वर्मा, रैंक 20, नोएडा




अभिमन्यु मलिक, रैंक 60, सोनीपत सृष्टि मिश्रा, रैंक 95, फरीदाबाद

- **अनिमेष प्रधान दूसरे और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे**
- **1,016 सफल उम्मीदवारों में 352 महिलाएं, शीर्ष पांच में से तीन प्रशिक्षु आइपीएस**

**5,92,141** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, 10,16,850 अभ्यर्थियों ने किया था आवेदन

**2,855** अभ्यर्थी चयनित हुए थे साक्षात्कार के लिए




मैं सिविल सेवा परीक्षा, 2023 उत्तीर्ण करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। जो लोग अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं कर पाए, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि विफलताएं मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन याद रखिए कि यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भविष्य में परीक्षाओं में सफलता के अवसर मिलेंगे। परिश्रम करते रहिए और अपार संभावनाएं तलाशते रहिए। आप सभी को शुभकामनाएं।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (एक्स पर पोस्ट)**

**पांचवां स्थान पाने वाली रुहानी सेंट स्टीफेंस की रही हैं छात्रा >> पेज 4**
**जोश: पेज 11**

## संपादकीय



**दलबदल कानून की दुर्गति:** यह कोरी कल्पना है कि अधिक कठोर कानून बनाने से दलबदल रुकेगा, क्योंकि स्वयं कानून बनाने वाले ही दलबदल करते-कराते हैं। **शंकर शरण** का दृष्टिकोण।

**जन-जन तक पहुंचे श्रीराम का संदेश:** आज प्रभु राम की वंदना करने के साथ यह भी आवश्यक है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर भी चलें। **प्रवीन लखेड़ा** का आलेख।

● पेज 6

नमो देव्यै महादेव्यै
नारी सशक्तीकरण

## घर खर्च की बचत से सुगम बना रहीं दिव्यांगों का जीवन



**यमुनानगर:** कुछ महिलाएं हैं जो स्वयं से जो बन पड़े समाज को दे देती हैं। ऐसी ही कुछ महिलाएं हैं जो अपने खर्च की बचत से दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ रही हैं। इन्होंने नर सेवा को नारायण सेवा मान लिया है।

● जागरण सिटी

# छत्तीसगढ़ में 29 नक्सली ढेर

## जवानों को नक्सलियों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली

**नईदुनिया, कांकेर :** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में कांकेर जिले के हापाटोला जंगल में जवानों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मंगलवार को बीएसएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 1,000 से अधिक जवानों ने 50 से 60 नक्सलियों को जंगल में घेरकर इस अभियान को अंजाम दिया। मारे गए कई नक्सलियों की अभी तक पहचान नहीं हुई है, पर घटनास्थल से मिले हथियार से पता चलता है कि कई बड़े नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ दोपहर डेढ़ से शाम साढ़े चार बजे तक चली। मारे गए नक्सलियों में उनका कमांडर व 25 लाख रुपये का इनामी शंकर राव व 25 लाख की इनामी ललिता भी शामिल है। एक और नक्सली कमांडर राजू भी मारा गया। मुठभेड़ के दौरान बीएसएफ इंस्पेक्टर को पैर में गोली लगी है, जबकि डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं। तीनों को बेहतर इलाज के लिए हवाई मार्ग से रायपुर भेजा गया है। यह मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है, जब पहले चरण (19 अप्रैल) में बस्तर में जब तीन दिन बाद मतदान होना है।

14 अप्रैल को राजनांदगांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्र की सत्ता में तीसरी बार काबिज होने पर नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी कहा कि गृह मंत्री के दिशानिर्देश के बाद प्रदेश सरकार आपरेशन मोड में है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए किसी भी स्तर पर ढील नहीं दी जा सकती। नक्सलियों को जवाबी कार्रवाई का कोई मौका नहीं देंगे। राज्य में नक्सली गतिविधियों पर लगाम के लिए डीआरजी की स्थापना 2008 में की गई थी। वहीं, संवेदनशील इलाकों में सरकार ने बीएसएफ की भी तैनाती कर रखी है।

**बीजापुर में मारे गए थे 13 नक्सली :** दो अप्रैल को बीजापुर जिले के जंगल में हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 13 नक्सलियों को मार गिराया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवानों को बधाई देते हुए कहा है कि सरकार प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**बड़ी सफलता :** बस्तर के आइजी पी सुंदरराज व बीएसएफ के डीआइजी आलोक कुमार सिंह ने नक्सल विरोधी अभियान में इसे बड़ी सफलता करार दिया है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों से सात एके 47, तीन लाइट मशीन गन (एलएमजी) और इंसास रायफल भी मिली है। कांकेर के एसपी आइके एलेसेला ने बताया कि महाराष्ट्र की सीमा से सटे क्षेत्र में नक्सलियों की बैठक की सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की गई। नक्सलियों ने जवाबी हमला किया, लेकिन उन्हें पहाड़ी क्षेत्र में नीचे की तरफ भागने को मजबूर होना पड़ा। जवानों को इसका लाभ मिला और उन्हें ढेर कर दिया।



25 लाख का इनामी नक्सली शंकर राव (फाइल फोटो) ● इंटरनेट मीडिया

- **50 से अधिक नक्सलियों को 1,000 जवानों ने घेरा था**
- **25-25 लाख के इनामी कमांडर शंकर राव और ललिता मारे गए**

### 10 अप्रैल को हुई थी बैठक

नौ और 10 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे के दौरान गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और आइबी के डायरेक्टर तपन कुमार डेका नक्सलियों के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की रणनीति बनाने के लिए रायपुर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने 10 राज्यों के मुख्य सचिवों और डीजीपी के साथ आनलाइन बैठक भी की थी। उस दौरान शांतिपूर्ण चुनाव और नक्सल इलाकों में इंटेलीजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर खुफिया आपरेशन की रणनीति भी बनाई गई थी।

### शाह ने दी बधाई, संकल्प दोहराया



कांकेर में 29 नक्सलियों को ढेर करने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबल के जवानों के बधाई दी है। साथ ही घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। एक्स पर पोस्ट में शाह ने लिखा है- नक्सलवाद विकास, शांति और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। पीएम मोदी के नेतृत्व में हम देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकलित हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ और पूरा देश पूर्णत: नक्सल मुक्त होगा।

# बाबा रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी, कहा-अब नहीं होगी गलती



पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए पहुंचे योगगुरु बाबा रामदेव ● एएनआइ

- **कोर्ट ने कहा, आप किसी दूसरी पद्धति या एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते**
- **रामदेव, बालकृष्ण के वकील ने कहा कि वह सार्वजनिक माफी मांगेंगे**


**भ्रामक विज्ञापन का मामला**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** भ्रामक विज्ञापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट के अवमानना नोटिस का सामना कर रहे योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। बाबा रामदेव ने कहा कि वह बिना शर्त माफी मांगते हैं। उनका इरादा कोर्ट की अवमानना करने का नहीं था और न ही कभी हो सकता है। उनसे काम के उत्साह में गलती हो गई। अब आगे से ऐसा नही होगा। वह सतर्क रहेंगे। हालांकि, कोर्ट ने अभी उनकी माफी स्वीकार नहीं की है।

अदालत ने कहा है कि वह उनके पिछले इतिहास और केस को देखने के बाद इस पर विचार करेगी। पीठ ने उन्हें भ्रामक विज्ञापन के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि आपको मालूम होना चाहिए कि लाइलाज बीमारियों की दवाओं का विज्ञापन नहीं दिया जा सकता। आप अपना काम करिए, लेकिन आप दूसरी पद्धति या एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण के माफी मांगने के अलावा उनके वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि वह खुद ही सार्वजनिक रूप से माफी मांगेंगे। कोर्ट उन्हें इसके लिए एक सप्ताह का समय दे। कोर्ट ने अनुरोध स्वीकार करते हुए उन्हें समय दे दिया और केस को 23 अप्रैल को फिर सुनवाई पर लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि दोनों लोग अगली सुनवाई पर भी कोर्ट में हाजिर होंगे।

ये आदेश न्यायमूर्ति हिमा कोहली व अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को दिए। इस मामले में कोर्ट ने 21 नवंबर को कोर्ट में दी गई अंडरटेकिंग का उल्लंघन करने पर रामदेव और बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी किया था। मंगलवार को दोनों कोर्ट में पेश हुए। पहले उनके वकील ने गलती मानते हुए कहा कि वह स्वयं से सार्वजनिक माफी मांगने को तैयार हैं। उसके बाद कोर्ट ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण से बात की और उनसे सवाल पूछे। कोर्ट ने एलोपैथी की आलोचना पर फटकार लगाते हुए कहा कि वे दूसरों पर अंगुली उठाए बगैर अपना काम करें। कोर्ट ने रामदेव से कहा कि आपने योग में काफी काम किया है और आपकी काफी गरिमा है। आपने योग के अलावा भी कारोबार शुरू किया है। आपने कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रेस कान्फ्रेंस की। रामदेव ने माफी मांगते हुए कहा कि उनसे भूल हो गई है। वह बिना शर्त माफी मांगते हैं।



नई दिल्ली, बुधवार
17 अप्रैल, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+8=22


# दैनिक जागरण


www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित





कारावास से अधिक दर्दनाक है झूठे मुकदमे का कलंक : दिल्ली हाई कोर्ट 5
रोहित और विराट करेंगे ओपनिंग तो यशस्वी को होगी मुश्किल 10


# यह चुनाव उन लोगों को सजा देने के लिए है, जो संविधान के खिलाफ हैं : प्रधानमंत्री

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बिहार और बंगाल में दो-दो जगहों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। बिहार में उन्होंने भारत के संविधान को आस्था का केंद्र बताया और कहा कि यह चुनाव उन लोगों को सजा देने के लिए है, जो संविधान के खिलाफ है। मैं गरीब के घर से निकलकर आप सबके आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा हूं। यह डा. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व और बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान की देन है। विपक्षी पार्टियां संविधान को राजनीतिक हथियार न बनाएं।

बंगाल में कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को घुसपैठियों और अपराधियों को लीज पर दे दिया है। बंगाल सरकार घुसपैठियों को संरक्षण देती है और कानूनी शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले सीएए का विरोध करती है। आपको इनकी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। पीएम मोदी बंगाल के रायगंज की रैली में सड़क मार्ग से रोड शो करते पहुंचे।

गया में एनडीए प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी व पूर्णिया में जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग झूठ फैलाना बंद करें। संविधान डा. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के दिल की कलम से लिखा गया है। यह महान है, इसे कोई बदल नहीं सकता है। संविधान को बनाने में 90 प्रतिशत से ज्यादा सत्य सनातनी थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह लोकसभा में संविधान दिवस मनाने के लिए अध्यादेश लाए थे, तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विरोध किया था और कहा कि 26 जनवरी तो है ही। हम तो हर स्कूल में संविधान दिवस की परंपरा प्रारंभ किए हैं।

- पीएम ने गया की रैली में कहा- विपक्षी नेता देश का संविधान बदलने का गलत नैरेटिव फैलाकर कर रहे राजनीति
- पूर्णिया की रैली में कहा- राजद ने बिहार को केवल दो चीजें दीं, जंगलराज और भ्रष्टाचार
- बंगाल में रामनवमी समारोह का विरोध करने के लिए तृणमूल सरकार की आलोचना की


बिहार के गया में मंगलवार को चुनावी जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में राजग गठबंधन के अन्य सहयोगी ● प्रेट्र

**नीतीश के काम पर वोट मांग रहा राजद :** पीएम मोदी ने कहा कि राजद जंगलराज और भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। अब तो राजद अपने शासनकाल की बात नहीं बताकर मुख्यमंत्री नीतीश के कामों को अपना बता वोट मांग रहा है। बिहार की दुर्दशा के वो दिन याद कीजिए, जब अपहरण- फिरौती उद्योग बना था।

**हम हिंदू शक्ति के उपासक :** पीएम मोदी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन हिंदू शक्ति का विनाश करने की बात करता है। घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन को डेंगू-मलेरिया कह रहे हैं, यह सनातन का अपमान है। उन्होंने जनता से सवाल किया कि वैसे लोगों को क्या बिहार में एक भी सीट जीतने का अधिकार है। भीड़ से जवाब आया-नहीं।

**सीएए का विरोध करने वालों को चेताया :** राजनीतिक लाभ के लिए नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध करने वालों को पीएम मोदी ने पूर्णिया की सभा से कड़ा संदेश दिया। कहा कि सीएए का विरोध करने वाले जान लें, ये मोदी है, न डरने वाला है, न झुकने वाला।

**तृणमूल अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा :** बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में पीएम मोदी ने कहा कि तृणमूल सरकार तोलाबाजों (रंगदारों), अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का अड्डा बन गई है। संदेशखाली में महिलाओं पर जो जुल्म हुए, शोषण की जो घटनाएं सामने आईं उनसे पूरा देश दहल गया है व तृणमूल अपराधी को आखिर तक बचाने में लगी रही।

### अबकी रामनवमी कुछ अलग

बालूरघाट में पीएम मोदी ने कहा है कि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं, इस वजह से इस साल रामनवमी समारोह कुछ अलग है। तृणमूल कांग्रेस पिछले वर्षों की तरह ही अब भी राज्य में रामनवमी समारोह का विरोध कर रही है। बंगाल में रामनवमी का विरोध करने के लिए तृणमूल सरकार की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विहिप को हावड़ा में रामनवमी का जुलूस निकालने की अनुमति दी गई है। मोदी ने कहा कि इस साल भी तृणमूल कांग्रेस ने रामनवमी उत्सव मनाने से रोकने के लिए कसर नहीं छोड़ी, मगर सत्य की हमेशा जीत होती है।

### महासमर 2024 — सभी चुनें सही चुनें


पीएम की सभाओं में मंच पर अब नजर नहीं आएंगे नीतीश » पेज 9
नेकां, पीडीपी, कांग्रेस ने युवाओं को थमाई बंदूकें, मोदी सरकार ने दिया काम : शाह » पेज 9


# बैलेट से चुनाव कराने में क्या होता था, आप भूल गए होंगे, पर हमें याद है : सुप्रीम कोर्ट

## कहा- किसी पर तो भरोसा करना होगा, सिस्टम को ऐसे खारिज करने की कोशिश न करें

**ईवीएम-वीवीपैट मामला**



- चुनाव आयोग से पूछी मतदान से लेकर मतगणना तक अपनाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया
- अदालत ने कहा कि भारत में चुनाव कराना बहुत बड़ा काम है, यूरोप के उदाहरण यहां नहीं चल सकते

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** ईवीएम में हेरफेर की आशंका जताते हुए वीवीपैट पर्चियों की ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सिस्टम पर संदेह नहीं करने की नसीहत दी। कहा-हमें किसी पर भरोसा करने की जरूरत है, सिस्टम को इस तरह ध्वस्त करने की कोशिश न करें। याचिकाकर्ताओं की ओर से बैलेट से चुनाव का जर्मनी का उदाहरण दिए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत में चुनाव कराना बहुत बड़ा काम है, इस तरह के उदाहरण न दें। बैलेट सिस्टम पर लौटने वाले यूरोप के उदाहरण यहां नहीं चल सकते। जर्मनी में पांच-छह करोड़ जनसंख्या है। भारत में 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ता संगठन की ओर से बैलेट से चुनाव की पैरोकारी कर रहे वकील प्रशांत भूषण से यह भी कहा कि जब बैलेट से चुनाव होता था, तब क्या होता था, आप भूल गए होंगे, हमें याद है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स' की ओर से दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं। सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने ईवीएम और वीवीपैट सिस्टम में हेरफेर की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि वह यह नहीं कह रहे कि हेरफेर किया गया है, उनका तो कहना है कि हेरफेर किया जा सकता है। ईवीएम और वीवीपैट प्रोग्रामेबल चिप होते हैं और इनमें दुर्भावनापूर्ण प्रोग्राम डाले जा सकते हैं। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा कि मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं पैदा होती हैं, वहां मानवीय कमजोरियां और पूर्वाग्रह हो सकता है, लेकिन सामान्य तौर पर मानवीय हस्तक्षेप के बगैर मशीन एकदम सटीक परिणाम देगी। समस्या तब पैदा होती है, जब हेरफेर या अनधिकृत परिवर्तन करने के लिए मानवीय हस्तक्षेप होता है। यदि आप उस पर बहस करना चाहते हैं तो करें। इसके साथ ही कोर्ट ने चुनाव आयोग को मतदान से लेकर मतगणना तक अपनाई जाने वाली पूरी प्रक्रिया, आंकड़े और ईवीएम मशीन, वीवीपैट आदि की सुरक्षा की होने वाली व्यवस्था बताने को कहा। भूषण की दलीलों पर पीठ ने पूछा कि उनकी मांग क्या है। भूषण ने तीन मांगे रखीं। पहली, चुनाव बैलेट से कराए जाएं।


हमें चुनावी प्रक्रिया में आस्था बनाए रखना होगा: सुप्रीम कोर्ट » पेज 8
ईवीएम पर संदेह » संपादकीय


# दिनदहाड़े बीच सड़क पर एएसआइ को गोली मारकर सफाई कर्मचारी ने की आत्महत्या


एएसआइ दिनेश शर्मा ●


हत्या का आरोपित मुकेश ●

- सफाई कर्मचारी से ब्याज की रकम लेने आया था एएसआइ, दे रखे थे पांच लाख रुपये उधार
- फायरिंग में एक स्कूटी सवार को भी लगी गोली, आटो चालक ने जाने से मना किया, तो उस पर भी चलाई गोली

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** मीत नगर फ्लाईओवर पर मंगलवार दोपहर दिल्ली नगर निगम के एक सफाई कर्मचारी ने ब्याज की रकम लेने पहुंचे दिल्ली पुलिस के एएसआइ की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद भागते समय एक आटो में बैठकर उसने खुद को भी गोली मार ली। कनपटी में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में एक स्कूटी सवार युवक भी घायल हुआ है। ज्योति नगर थाना पुलिस ने मामले में हत्या, हत्या के प्रयास समेत आर्म्स एक्ट में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है।

**मध्य दिल्ली में स्पेशल ब्रांच में तैनात थे दिनेश शर्मा:** मूल रूप से बुलंदशहर के रहने वाले एएसआइ दिनेश शर्मा परिवार के साथ जीटीबी नगर स्थित पुलिस लाइन में रहते थे। वह मध्य दिल्ली में स्पेशल ब्रांच में तैनात थे। उन्होंने नंद नगरी में रहने वाले मुकेश को ब्याज पर पांच लाख रुपये उधार दिए थे। वह मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मीत नगर में मुकेश से मिलने के लिए गए थे। बताया जाता है कि वहां उन दोनों के बीच ब्याज की रकम को लेकर बहस हुई और इसी दौरान मुकेश ने पिस्टल निकाल कर उन पर गोलियां चला दीं। सीने में दो गोलियां लगते ही दिनेश सड़क पर गिर गए। इस दौरान मुकेश फायरिंग करता रहा जिसमें उधर से गुजर रहे स्कूटी सवार अमित नामक युवक को भी कमर में गोली लग गई। इसके बाद आरोपित वहां से भागा और एक आटो को रोककर उसमें बैठ गया। हाथ में पिस्टल देखकर चालक महमूद ने जाने से इन्कार किया, तो उस पर भी गोली चला दी। चालक ने आटो से कूदकर अपनी जान बचाई। इसके बाद मुकेश ने पिस्टल से कनपटी में गोली मारकर खुद की भी जान दे दी। पुलिस आरोपित के स्वजन से पूछताछ कर रही है। साथ ही एएसआइ और सफाई कर्मचारी की काल रिकार्ड रिपोर्ट भी चेक कर रही है। जिला पुलिस उपायुक्त डा. जाय टिर्की ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्कूटी सवार घायल अमित कुमार को एम्स में भर्ती कराया गया है।


संबंधित » पेज 5


### अंदर पढ़ें


**अक्षमता का कुबूलनामा है जल मंत्री का पत्र**
**नई दिल्ली :** एलजी वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुला पत्र लिखकर जल संकट के लिए सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। कहा-पानी की किल्लत को मुख्य वजह बताते हुए जल मंत्री आतिशी ने अपनी ही सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उनका पत्र बीते 10 वर्षों के दौरान सरकार की निष्क्रियता और अक्षमता का कुबूलनामा है। ● पेज 5

**झामुमो नेता के आवास सहित चार ठिकानों पर ईडी के छापे**
**रांची :** रांची में भूमि घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अंतु तिर्की के आवास सहित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ● पेज 7

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें
**इजरायल की ताकत**
दुश्मनों के राकेट, ड्रोन और मिसाइल को कैसे धुआं-धुआं कर देता है इजरायल, जानिए क्या है वह तकनीक

फिल्म रिव्यू — देखें पृष्ठ » जागरण सिटी

आइपीएल — आज का मैच
गुजरात टाइटंस vs दिल्ली कैपिटल्स
शाम 7:30 बजे | स्थान: अहमदाबाद
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स/जियो सिनेमा

दैनिक जागरण सप्तरंग — सेहत भरे जीवन का
स्वस्थ व मजबूत रहे लिवर
हीमोफीलिया अब आसान हुआ उपचार
● जागरण सिटी


# अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी करने वाले गिरफ्तार

- पुलिस ने दोनों आरोपितों को गुजरात के मंदिर परिसर से दबोचा
- कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 25 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई, प्रेट्र :** बालीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार किया है। कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि फायरिंग करने के बाद से फरार विक्की गुप्ता और सागर पाल को सोमवार देर रात कच्छ जिले के एक मंदिर परिसर से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपित बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के रहने वाले हैं और उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। शुरुआती जांच से पता चला है कि दोनों आरोपितों ने फायरिंग करने से पहले तीन बार रेकी की थी।

बागड़िया ने बताया कि दोनों आरोपितों ने हमला करने के लिए 24 हजार रुपये में पुरानी बाइक खरीदी थी। हमले के दौरान सागर बाइक पर पीछे बैठा था। उसने ही पांच राउंड फायरिंग की थी। विक्की इस दौरान लारेंस बिश्नोई गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ संपर्क बनाए हुए था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सागर और विक्की दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था। मुंबई पुलिस ने दोनों आरोपितों को मुंबई की किला अदालत के सामने पेश किया, जहां से उन्हें 25 अप्रैल तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपितों द्वारा रेंट एग्रीमेंट और बाइक खरीदने के लिए जमा किए गए आधार कार्ड से पुलिस को उनकी पहचान सुनिश्चित करने में मदद मिली। बताते चलें, रविवार तड़के करीब पांच बजे मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के घर के बाहर बाइक पर सवार दो लोगों ने गोलीबारी की थी। आरोपितों ने पनवेल इलाके में एक माह के लिए एक घर किराए पर लिया था, जहां अभिनेता का फार्महाउस है।


आरोपित विक्की गुप्ता और सागर पाल को कोर्ट ले जाती मुंबई पुलिस ● एएनआइ


घटना के बाद पहली बार दिखे सलमान, शिंदे की अगवानी की » पेज 7


# कांग्रेस नेता सुरजेवाला के चुनाव प्रचार करने पर 48 घंटे तक रोक

**जाब्यू, नई दिल्ली :** अभिनेत्री व मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करना कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को महंगा पड़ गया। चुनाव आयोग ने मंगलवार को उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए, उनके प्रचार करने पर 48 घंटे की रोक लगा दी है। यह 16 अप्रैल को शाम छह बजे से अगले 48 घंटे तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान वह किसी भी तरह के प्रचार, चुनावी रैली, सार्वजनिक बैठक, रोड शो, साक्षात्कार व मीडिया से बातचीत आदि में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी नेता के खिलाफ की गई इस तरह की यह पहली कार्रवाई है।


रणदीप सिंह सुरजेवाला

सुरजेवाला ने कैथल में (कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट) आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के पक्ष में प्रचार करते समय कहा था कि 'एमएलए-एमपी क्यों बनाते हैं? ताकि वो हमारी आवाज उठा सकें। हमारी बात मनवाएं, इसीलिए बनाते होंगे। कोई हेमा मालिनी तो है नहीं, जो चाटने के लिए बनाते हैं।' आयोग ने उनकी टिप्पणी को महिला गरिमा के खिलाफ बताया था। भाजपा ने भी इस मामले की शिकायत आयोग से की थी।






# नए शिखर को स्पर्श करेगा सनातनियों का आह्लाद

**रामनगरी में उत्सव**

रघुवरशरण ● जागरण

**अयोध्या :** वह चिर अभिलाषित क्षण आ गया, जिसके लिए करोड़ों सनातनधर्मियों ने पांच शताब्दी तक संघर्ष किया। बुधवार को जन्मभूमि पर बने नव्य, भव्य और दिव्य मंदिर में जब रामलला का प्रकटोत्सव मनाया जाएगा तो अयोध्या ही नहीं, पूरे विश्व के सनातनियों का आह्लाद नए शिखर का स्पर्श करेगा।

श्रीराम जन्मोत्सव के साथ रामनगरी आस्था का नया प्रतिमान गढ़ रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद से यहां उल्लास है और बुधवार को यह क्रम श्रीराम जन्मोत्सव के साथ नए शिखर का स्पर्श करेगा। जन्म के बाद 12 बजकर 16 मिनट पर रामलला का सूर्य तिलक भी होगा, इसके लिए परीक्षण सफल हो चुका है।

अनगिनत भक्तों के दबाव एवं कष्टों की चिंता किए बिना मंदिरों एवं धर्मशालाओं में डेरा जमाए श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्म के मुहूर्त की प्रतीक्षा है। तड़के से सरयू स्नान का क्रम शुरू होगा। मध्याह्न तक यह क्रम थमेगा, तो मंदिरों में जन्मोत्सव की छटा बिखरेगी।

नौ अप्रैल को वासंतिक नवरात्र के प्रारंभ के साथ ही राम जन्मोत्सव का उल्लास परिलक्षित होने लगा था, पर मंगलवार संध्या तक इसमें तीव्र वृद्धि हुई। रामजन्मभूमि, कनकभवन, हनुमानगढ़ी जैसे प्रमुख मंदिरों सहित पुण्य सलिला सरयू से जुड़ते मार्गों पर मंगलवार की प्रथम बेला से ही उल्लास का संचार हो रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद से उमड़ रहे भक्तों की संख्या रामनवमी को किस गणना को स्पर्श करेगी यह तो बुधवार को ही पता चलेगा, लेकिन मंदिर के श्रृंगार के बीच भक्तों का उल्लास गणित से परे है। अनुमान है 25 से 30 लाख भक्त रामनवमी को रामनगरी में रहेंगे।


रामजन्मोत्सव की पूर्व बेला में प्रकाश की इंद्रधनुषी छटा से सज्जित राममंदिर ● सौ.: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट

- नव्य-भव्य मंदिर में आज जन्मेंगे रामलला, होगा सूर्य तिलक
- लाखों भक्तों के स्वागत सत्कार को प्रशासन ने कसी कमर

********

मर्यादा के अनुरूप किया आचरण ही महान बनाता है

# ईवीएम पर संदेह

**एक लंबे** समय से यह देखने में आ रहा है कि जब भी चुनाव आते हैं, तब कुछ राजनीतिक दल, गैर-राजनीतिक संगठन और स्वयंभू तकनीकी विशेषज्ञ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम के खिलाफ मुहिम छेड़ देते हैं। जनहित याचिकाओं को एक उद्योग में बदल चुके कुछ वकील भी इस मुहिम में शामिल होकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच जाते हैं। ईवीएम पर संदेह जताने वाले कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग करते रहते हैं। यह और कुछ नहीं, देश को बैलगाड़ी युग में ले जाने वाली मांग है। यह मांग इसके भली तरह परिचित होने के बाद भी की जाती है कि जब मतपत्रों से चुनाव होते थे, तब किस तरह मतपत्र के साथ मतपेटियां भी लूटी जाती थीं। बंगाल में पंचायत चुनावों के दौरान तो अब भी ऐसा होता है। मतपत्रों से चुनावों के दौर में केवल धांधली ही नहीं होती थी, बल्कि चुनाव नतीजे आने में भी अच्छा-खासा समय लगता था। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को यह याद दिलाया कि उसे पता है कि जब मतपत्रों से चुनाव होते थे, तब क्या होता था।

हालांकि ईवीएम को लेकर उठने वाले सवालों का समाधान करने के लिए, समय-समय पर कई कदम उठाए गए और इसी के तहत अब मतदाताओं को सात सेकेंड तक वीवीपैट यानी एक पर्ची दिखती है, जिससे उन्हें पता चलता है कि उनका वोट उनकी पसंद के प्रत्याशी को गया। यह पर्ची स्वतः एक बाक्स में चली जाती है। इसके बाद प्रत्येक विधानसभा के किन्हीं पांच मतदान केंद्रों की वीवीपैट का मिलान ईवीएम से मिले नतीजों से किया जाने लगा। अभी तक इसमें कोई गड़बड़ी नहीं मिली, लेकिन इसके बाद भी यह मांग की जा रही है कि सभी वीवीपैट का मिलान ईवीएम से मिले नतीजों से किया जाए। यह और कुछ नहीं पिछले दरवाजे से मतपत्रों के युग में लौटने की मांग है। सभी वीवीपैट यानी समस्त वोटों की गिनती करने से चुनाव नतीजे आने में 10-12 दिन तो लगेंगे ही, अतिरिक्त संसाधन भी खर्च होंगे। एक मांग यह भी की जा रही है कि वीवीपैट मतदाताओं को स्पर्श करने और उन्हें ही बाक्स में रखने की सुविधा दी जाए। इसका कोई मतलब नहीं, क्योंकि जितना मानवीय दखल बढ़ेगा, गड़बड़ी होने की आशंका उतनी ही बढ़ेगी। कहना कठिन है कि ईवीएम पर जो संदेह जताए गए, उन पर सुप्रीम कोर्ट किस नतीजे पर पहुंचता है, लेकिन इतना अवश्य है कि शक का कोई इलाज नहीं। समस्या यह है कि कुछ लोगों ने ईवीएम पर उलटे-सीधे सवाल उठाने और अफवाहों को हवा देने को अपना पेशा बना लिया है। हास्यास्पद यह है कि इनमें वे राजनीतिक दल भी हैं, जो ईवीएम के जरिये हुए चुनावों के जरिये ही सत्ता तक पहुंचे हैं।

# जल्द समाधान जरूरी

**दिल्ली स्थित** एम्स में मरीजों को इंप्लांट मिलने में आ रही समस्या निराशाजनक है। यही नहीं, अस्पताल में जेनरिक दवा स्टोर और अमृत फार्मेसी का प्रबंधन देख रही कंपनी का अनुबंध मई में समाप्त हो जाने और अनुबंध का नवीनीकरण न होने से इन स्टोर से दवाएं मिलने पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं, जो चिंताजनक है। मरीजों को अमृत फार्मेसी से विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए इंप्लांट मिलने में दिक्कत होने की कई वरिष्ठ डाक्टरों ने शिकायत की थी। इंप्लांट की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए थे। इस पर एम्स प्रशासन ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से अमृत फार्मेसी के संचालन का प्रबंधन संभाल रही टीम को हटाने की सिफारिश की थी। इस मामले को लेकर मंत्रालय ने मंगलवार शाम बैठक की, हालांकि फिलहाल अमृत फार्मेसी के प्रबंधन को हटाने पर कोई निर्णय नहीं हुआ है।

> यदि अमृत फार्मेसी से मरीजों को इंप्लांट उपलब्ध नहीं हो रहे हैं और उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है, तो फार्मेसी प्रबंधन पर कार्रवाई की जानी चाहिए

देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स में मरीजों को दवाएं और अच्छी गुणवत्ता वाले इंप्लांट उपलब्ध कराए ही जाने चाहिए। यदि अमृत फार्मेसी से मरीजों को इंप्लांट उपलब्ध नहीं हो रहे हैं और उनकी गुणवत्ता ठीक नहीं है, तो फार्मेसी प्रबंधन पर कार्रवाई की ही जानी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय और एम्स प्रशासन को इस बात की भी चिंता करनी चाहिए कि मरीजों को इन स्टोर से मिलने वाली दवाएं निर्बाध रूप से मिलती रहें। इसके लिए इन फार्मेसी के प्रबंधन का नवीनीकरण करने या किसी अन्य विकल्प पर जल्द से जल्द निर्णय लिया जाना चाहिए, ताकि नवीनीकरण न होने के कारण ये स्टोर बंद न होने पाएं और देश के दूरदराज से आने वाले मरीजों को किसी तरह की परेशानी न होने पाए।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या पूर्व न्यायाधीशों का यह कहना सही है कि न्यायपालिका को दबाव में लेने की कोशिश हो रही है?**




**आज का सवाल**
क्या चुनावी बांड से जुड़े फैसले पर पुनर्विचार की मांग सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# दलबदल कानून की दुर्गति



शंकर शरण

**यह कोरी कल्पना है कि अधिक कठोर कानून बनाने से दलबदल रुकेगा, क्योंकि स्वयं कानून बनाने वाले ही दलबदल करते-कराते हैं**




अवधेश राजपूत

आम चुनावों की घोषणा के पहले से शुरू हुआ दलबदल का सिलसिला अब तक कायम है। इससे अनेक जगह मतदाता भ्रमित होंगे कि चेहरा किसका है और चुनाव चिह्न कौनसा है? दलबदल केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि चुनाव बाद भी होता है। विधायी संस्थाओं को इससे बचाने के लिए दलबदल रोधी कानून बनाया गया, लेकिन वह भी अभीष्ट की पूर्ति नहीं कर पाया। आखिर दलबदल कानून क्यों विफल रहा? सर्वप्रथम, यह कानून अपनी बुनियाद में ही असंगत है। यूरोप, अमेरिका या अन्य किसी प्रतिष्ठित लोकतंत्र में ऐसा कानून नहीं है। न्यूजीलैंड में बना था, लेकिन वहां भी इसे जल्द हटा दिया गया। फिर पोलैंड, चेक, एस्टोनिया, लिथुआनिया और लातविया के अध्ययन से पाया गया कि सांसदों को दलबदल का अधिकार रहने से वास्तव में वहां दलीय व्यवस्था बेहतर एवं स्थिर हुई है। दक्षिण अफ्रीका का अनुभव भी ऐसा ही है। सभी जगह पाया गया कि सांसदों की स्वतंत्रता रहने से दलों में अपनी नीतियों-गतिविधियों को सुविचारित रखने की प्रवृत्ति रहती है।

जिन कुछ देशों में दलबदल विरोधी कानून हैं, वहां कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं हुई। भारत का ही अनुभव है कि इससे केवल सत्ताधारी दलों के मैनेजरों की ताकत बढ़ती है। वे सांसदों, विधायकों पर पूर्ण नियंत्रण रखते हैं, जिससे दलों की महत्ता जनप्रतिनिधियों से भी ऊपर हो जाती है। सत्ताधारी दलों के शीर्ष पर विराजमान कुछ चुनिंदा लोग जनप्रतिनिधियों पर अपनी इच्छा थोपकर मनमाने फैसले करते हैं। दलबदल विरोधी कानून संविधान की भावना के भी विरुद्ध है। मूलतः इसीलिए यूरोपीय देशों में सांसदों को वैचारिक या कार्यगत स्वतंत्रता है। उन पर दलीय अंकुश नहीं है, क्योंकि संसद सर्वोच्च कानून-निर्मात्री संस्था है। यदि उसी के सदस्य के हाथ-मुंह बंधे हों, तब संसद में वे राजनीतिक दल के प्रबंधकों की कृपा के मोहताज रहेंगे। यह भी किसी से छिपा नहीं कि दलीय सूत्रधारों की तिकड़मों से ही अनेक सांसद और विधायक इस या उस पार्टी में आते-जाते हैं। प्रायः इसमें खरीद-बिक्री के आरोप लगते हैं। विधायकों को बसों में भर कर बंदी की तरह ले जाने के दृश्य बहुत आम दिखते हैं। दलबदल कानून न केवल निष्फल है, बल्कि इससे नेताओं का चरित्र गिरने-गिराने की प्रवृत्ति ही बढ़ी है। सांसदों, विधायकों की दलगत स्वतंत्रता रहने पर संयम, मर्यादा और नैतिकता का महत्व अधिक होता। यूरोप, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान आदि का यही अनुभव है। आखिर इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, जापान जैसे लोकतांत्रिक देशों में ऐसा कानून न होने से वहां कोई भगदड़ नहीं मची रहती। अमेरिकी संसद में सत्ताधारी दल की सदस्य-संख्या विपक्ष से दो-तीन कम रहने पर भी दलबदल कराकर सत्तारूढ़ की स्थिति ऊंची करने की घटनाएं नहीं होतीं।

दलबदल विरोधी कानून सिद्धांतहीन भी है। आखिर जब किसी दल के दो तिहाई सांसद/विधायकों का दूसरी पार्टी में जाना जायज है, तो दो-चार सांसद/विधायक का जाना नाजायज क्यों? इसीलिए थोक दलबदल के बाद 'असली' पार्टी और चुनाव-चिह्न वाले दावों पर न्यायालयों के फैसलों में भी विसंगति रही है। कभी वे विधायक की संख्या को आधार बताते हैं, तो कभी संगठन की बात करते हैं। जबकि पार्टी के विधायकों या सांसदों में टूट के मामलों में असली-नकली की बात ही बेमानी है। संविधान के अनुसार संख्या का मामला विधायी सदन का है। सरकार बनाने, कोई कानून या प्रस्ताव पास करने में सदन में मत संख्या का स्थान है। किसी राजनीतिक दल की वैधता उसके सांसद/विधायक की संख्या से तय करना असंगत है। इसीलिए न्यायालय और चुनाव आयोग के निर्णय अंतर्विरोधी होते रहे हैं। यह स्थिति पुनर्विचार की मांग करती है। दलबदल को कानून द्वारा रोकना असंभव सा है। कानून बनाकर कभी भी चरित्र या नैतिकता नहीं सुनिश्चित होती। जब नैतिकता और चरित्र हो, तभी अच्छा कानून बनता है। यह कोरी कल्पना है कि कठोर कानून बनाने से दलबदल रुकेगा, क्योंकि स्वयं कानून बनाने वाले ही दलबदल करते-कराते हैं। रोग की जड़ कहीं और है। राजनीतिक दल कोई राजकीय संस्थान नहीं हैं। वे अन्य सामाजिक, व्यापारिक संस्थाओं की तरह स्वैच्छिक संस्था हैं। इससे राज्य और संविधान का कोई लेनादेना नहीं। इसलिए दलों को विशेष महत्व न देकर अन्य संस्थाओं की तरह सामान्य एवं जवाबदेह बनाया जाए। गड़बड़ी यही हुई है कि समय के साथ हमारे राजनीतिक दल अनुचित महत्व हासिल कर राजकीय उपकरण बन गए हैं, जबकि संविधान ने राजनीतिक दलों का नोटिस तक नहीं लिया था। जैसे कोई एक कंपनी छोड़ दूसरी कंपनी में काम करने के लिए स्वतंत्र है, वही स्थिति दलों और उनके सदस्यों की भी होनी चाहिए।

आखिर आम मतदाता भी समय-समय पर अपना वोट इस पार्टी के बदले अन्य को देते हैं। वही अधिकार किसी सांसद, विधायक को भी है। संविधान ने इस पर कोई रोक नहीं लगाई थी। कानून बनाकर इसे रोकने से केवल सत्ताधारी दल के मैनेजरों को ही ताकत मिली, जो अपने विधायकों-सांसदों पर लगाम लगाए रखते हैं और दूसरे दलों के विधायक-सांसद तोड़ते हैं। ऐसे में यह कानून न केवल निष्फल और अदृश्य पार्टी मैनेजरों को अनुचित ताकत देता है, बल्कि विधायक, सांसद के स्वतंत्र विचार और कार्य-अधिकार को भी बाधित करता है। इसीलिए किसी पुराने परिपक्व लोकतंत्र में ऐसा कोई कानून नहीं, क्योंकि यही मानवीय स्वतंत्रता-गरिमा के अनुकूल है।

हमारी संसद, चुनाव आयोग तथा सुप्रीम कोर्ट को प्रतिष्ठित लोकतंत्रों के आदर्श व्यवहारों का आकलन कर देश में भी राजनीतिक दलों के विशेषाधिकार खत्म करने चाहिए। दल और राज्य का घालमेल बंद होना चाहिए। दलों को भी अन्य सामाजिक संस्थाओं की तरह अपने आय-व्यय के लिए समान रूप से सार्वजनिक स्तर पर उत्तरदायी बनाना चाहिए। तभी दलों की ओर संदिग्ध, लोभी और अयोग्य लोगों का आकर्षण घटेगा। जब राजनीतिक दल अन्य सामाजिक संस्थाओं की तरह जवाबदेह बनाए जाएंगे, तभी उनके अनुपयुक्त तत्वों द्वारा राज्य-तंत्र का दोहन करने की आशंका घटेगी। तब स्वतः अनेक बुराइयां कम हो जाएंगी, जो अभी दलों को तरह-तरह के कानूनों से छूट तथा अन्य कई विशेषाधिकार मिल जाने से बनी हुई हैं। मुख्य ध्यान इस बिंदु पर ही देना चाहिए। यही न्यायोचित और संविधानसम्मत भी होगा।

(लेखक राजनीतिशास्त्र के प्राध्यापक एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

response@jagran.com

# जन-जन तक पहुंचे श्रीराम का संदेश



प्रवीन लखेड़ा

**आज प्रभु राम की वंदना करने के साथ यह भी आवश्यक है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर भी चलें**

सदियों बाद रामनवमी एक ऐसे अवसर पर मनाई जा रही है, जब रामलला अयोध्या में अपने जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान हैं। इसीलिए इस बार रामनवमी का विशेष महत्व है और देश के साथ विदेश में भी उसे लेकर अतिरिक्त उत्साह है। जन-जन के आराध्य भगवान राम अधर्म पर धर्म की जीत के प्रतीक और पर्याय हैं। होली, दीवाली, दुर्गा-पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी की तरह रामनवमी भी यही संदेश देती है कि अंत में धर्म की ही विजय होती है और इसलिए मनुष्य को सदैव धर्म के पथ पर चलना चाहिए। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने हमेशा धर्म, सत्य और ज्ञान को अपना आधार बनाया। ज्ञान, जो हमें अज्ञान रूपी अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। उनके लिए धर्म वह है, जो सदाचरण के मार्ग पर चलना और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना सिखाता है। राम भारतीय संस्कृति में धर्म, सत्य, शौर्य, शील, संयम, विनम्रता आदि गुणों के प्रतीक हैं। इन गुणों के कारण ही हम उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में जानते हैं। रामनवमी का पर्व उस आराध्य के प्रति समर्पण है, जो स्वयं सदैव धर्म के मार्ग पर चले और जिन्होंने अन्य सभी को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसी कारण रामकथा न सिर्फ भारत, बल्कि अन्य देशों, जैसे म्यांमार, कंबोडिया, नेपाल, थाइलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया आदि देशों में महत्व रखती है।

अपने आराध्य भगवान श्रीराम के जन्मस्थान अयोध्या में बने मंदिर को पुनः प्राप्त करने के लिए 500 वर्षों तक जो संघर्ष चला, उसमें असंख्य लोगों ने बलिदान दिया। यह भारतीय संस्कृति और उसकी सहिष्णुता की विशेषता ही है कि सब कुछ जानने के पश्चात भी हिंदू समाज ने अपने एक सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल की वापसी के लिए न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा की। ऐसी ही प्रतीक्षा वह मथुरा और काशी के अपने धार्मिक स्थलों को लेकर कर रहा है। यदि स्वतंत्रता के उपरांत तत्कालीन सरकार चाहती तो सोमनाथ मंदिर की तरह अयोध्या, काशी और मथुरा के मंदिरों से जुड़े विवादों का भी समाधान कर सकती थी। ध्यान रहे कि पोलैंड की सरकार ने आजादी मिलने के बाद सबसे पहला काम रूस की गुलामी के समय बनाए गए आर्थोडाक्स चर्च को हटाकर किया था, किंतु छद्म पंथनिरपेक्षता और संकुचित सोच के कारण भारत में ऐसा नहीं हो सका।



श्रीराम के आदर्श अपनाने का समय ● फाइल

श्रीराम हजारों वर्ष बाद भी भारतीय संस्कृति का आधार बने हुए हैं तो इसीलिए कि वह हमारी चेतना में समाए हैं। राम जन्मस्थान पर बने मंदिर की तरह विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारे अन्य अनेक मंदिरों को तोड़ा, लेकिन वे हमारे मनोबल और धार्मिक विश्वासों को नहीं तोड़ सके, क्योंकि हमारे आराध्य हमें संबल देते रहे। राम केवल इसलिए हमारे आराध्य नहीं हैं कि वनवासी जीवन व्यतीत करते हुए उन्होंने शक्तिशाली रावण को पराजित किया। वह इसलिए भी पूजनीय हैं, क्योंकि वह विनम्र और मर्यादित रहे और उन्होंने सदैव धर्म का अनुसरण किया। वैदिक संस्कृति के अनुसार सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हुए उचित-अनुचित का ध्यान रखकर अपने कर्तव्यों का पालन करना ही धर्म है। राम ने अपने जीवन में छात्र-धर्म, पुत्र-धर्म, भ्रातृ-धर्म, पति-धर्म, मित्र-धर्म, राज-धर्म का आदर्श रूप में पालन कर एक अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। राम के चरित्र को जानकर ही हम समझ सकते हैं कि भारतीय दर्शन में कर्तव्य-पालन का क्या महत्व है। राम ने धर्म के मार्ग पर चलकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जो आदर्श स्थापित किया, वह आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। राम अपने पिता दशरथ के बाद अयोध्या की राजगद्दी संभालते, किंतु माता कैकेयी ने अपने पुत्र भरत के लिए राजगद्दी और राम के लिए वनवास की मांग कर दी। कैकेयी को दिए गए वचन की प्रतिज्ञा में बंधे राजा दशरथ को जब यह सूझ नहीं रहा था कि वह कैसे राम को वन जाने के लिए कहें, तब राम को जैसे ही पिता की समस्या का भान हुआ, उन्होंने राजसी वैभव त्यागने में संकोच नहीं किया। जहां इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा है कि राजगद्दी के लिए पुत्रों ने पिता और भाई ने भाई को खत्म किया, वहां राम ने पिता के वचन की रक्षा के लिए अनुज भरत के लिए राजगद्दी त्याग दी। विश्व ऐसे उदाहरणों से भी भरा पड़ा है कि राजाओं ने दूसरे राज्यों को विजित कर उन्हें अपने अधीन कर वहां शासन किया, लेकिन राम विभीषण को लंका का शासन सौंपकर अयोध्या लौट आए। वनवास की अवधि में जब राम पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन की ओर गए, तब निषादराज ने उन्हें अपने यहां रुकने का आग्रह किया। यदि वह वहां रुक जाते, तब भी अपने पिता की आज्ञा का पालन करते, लेकिन उन्होंने निषादराज के अनुरोध को अस्वीकार कर कैकेयी की इच्छा का अक्षरशः पालन करने के लिए वन प्रस्थान करना पसंद किया। वनवास की अवधि में जब शबरी ने राम को आमंत्रित किया तो उन्होंने उनका आतिथ्य स्वीकार कर यह स्पष्ट संदेश दिया कि न कोई छोटा है-न बड़ा और न कोई ऊंचा है और न नीचा। यदि हमें जातिगत भेदभाव से पूर्ण रूप से मुक्त होना है तो श्रीराम के आदर्शों पर चलना ही होगा। आज चुनावों के अवसर पर हम इस कटु सत्य से मुंह नहीं मोड़ सकते कि कैसे कुछ लोग नागरिक-धर्म एवं मानव-धर्म की अनदेखी कर जातीय स्वाभिमान और गौरव के नाम पर समाज को विभाजित करने का प्रयत्न कर रहे हैं।

प्रभु श्रीराम हमारी धार्मिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर के प्रतीक हैं। हमारे लिए आज आवश्यक केवल यह नहीं है कि हम राम की वंदना करें। यह भी आवश्यक है कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें और जन-जन तक उनका संदेश पहुंचे। ऐसा करके ही हम रामराज्य की स्थापना के स्वप्न को साकार कर पाएंगे।

(लेखक इतिहासकार हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### राम का प्राकट्य

महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से विश्व को राम नाम की महिमा से परिचित कराया। महर्षि वाल्मीकि को 'रामनाम' की महत्ता के बारे में देवर्षि नारद ने बताया था। उसके उपरांत वाल्मीकि जी के जीवन की धारा ही बदल गई। महर्षि वाल्मीकि ने नारद जी की देखरेख में इतनी गहरी साधना की कि उनकी जिह्वा से नहीं, बल्कि नाभि और त्वचा के रोम रोम से 'राम' शब्द निकलने लगा। जब गहरी साधना होती है तब यह स्थिति स्वभावतः हो जाती है और कुंडलिनी जागृत हो जाती है। कुंडलिनी वह कुंड है जहां से नलिनी (कमल) खिलती है। भगवान विष्णु की नाभि से खिले कमल पर ही ज्ञान एवं सृजन के देवता ब्रह्मा विराजमान होते हैं। वस्तुतः, योग-सिद्धि के बाद किसी भी व्यक्ति की यह स्थिति हो जाती है कि फिर ब्रह्म को वह बाहर नहीं, अपितु अपने भीतर ही खोजता है।

प्रायः पूजा-पाठ के समय अधिकांश उपासक आंख बंद कर आकाश या मंदिर तथा आश्रम आदि में अधिष्ठापित पत्थर, धातु, लकड़ी, प्लास्टिक या फाइबर आदि के देव विग्रह पर ध्यान लगाते हैं, लेकिन वाल्मीकि या उन जैसे सिद्धपुरुष बाह्य-यात्रा से विरत होकर अंतर्जगत की यात्रा आरंभ करते हैं। बाहर की मूर्तियों पर ध्यान सिर्फ इसलिए लगाने के लिए बताया गया कि उपासक यह जाने कि भगवान की जिस मूर्ति पर ध्यान केंद्रित किया गया, उस भगवान के कौन-कौन से कार्य थे, जिनसे वे पूजनीय हुए। बस पूजनीय कार्यों को मन के साफ्टवेयर में डाउनलोड करते ही भगवान के करीब पहुंचना सहज हो जाता है। एक दिव्य प्रकाश दिखाई पड़ता है तथा परम आनंद की अनुभूति होने लगती है। जीवन की सार्थकता सिद्ध होने लगती है। तब खुद ही महसूस होने लगता कि जीवन की कुशलता के लिए कौशल्या के गर्भ से 'राम' प्रकट हो गए हैं। तब दैवीय आकर्षण की आभा से अंतस का साक्षात्कार होता है। ऐसी स्थिति में महल, सत्ता और वाह्य आकर्षण सब फीके लगने लगते हैं। हमें उसी स्थिति के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

सलिल पांडेय

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### भविष्य के बारे में सोचते पीएम मोदी

'चुनाव बाद की तैयारी में मोदी' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में संदीप घोष ने प्रधानमंत्री मोदी की अपने लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता एवं भारत के भविष्य को लेकर गंभीरता का अच्छा विश्लेषण किया है। जहां मोदी इतने आत्मविश्वास से भरे हुए हैं कि उन्हें अपनी जीत का भरोसा है और वह बिना कोई समय गंवाए अपने सौ दिन के एजेंडे का सोचकर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, विपक्ष कोई कारगर वैकल्पिक एजेंडा प्रस्तुत नहीं कर पाया है और केवल मोदी विरोध के भरोसे चुनाव में जुटा है। चुनावी वादों में कांग्रेस तीस लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती का वादा करके अपनी पीठ थपथपा रही है, लेकिन जिस देश में हर महीने कामकाज योग्य आबादी में लाखों का जुड़ाव हो जाता हो वहां इतनी नौकरियों की पेशकश सागर में एक बूंद सरीखी हैं। दूसरी ओर, मोदी कौशल विकास और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर नए दौर की नौकरियों के सृजन की आकांक्षा जगा रहे हैं। लेखक ने मोदी और अमित शाह की जुगलबंदी का भी बढ़िया विश्लेषण किया है कि अपने वादों को पूरा करने के लिए यह जोड़ी कितने जी-जान से चुनाव अभियान में लगी हुई है।

केशव तिवारी, आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश)

### लोकतंत्र से छल

संपादकीय आलेख 'लोकतंत्र से छल' में इस बार लोकसभा चुनाव के पूर्व विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने के लिए उनके बीच शराब और नकदी के वितरण पर चिंता जताते हुए सही कहा गया है कि इस तरह की घिनौनी हरकतें लोकतंत्र से छल करने जैसा है। लोकसभा चुनाव के 75 साल के इतिहास में इस बार देश में संदिग्ध रूप से ले जाई जा रही नकदी, नशीले पदार्थ, शराब, कीमती धातुओं और मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं की सर्वाधिक जब्ती की गई। राजस्थान जब्ती के मामले में देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में जब्ती का आंकड़ा 812 करोड़ रुपए पार हो गया है, इसमें से आचार संहिता के दौरान एक माह में पकड़ी गई नकदी व अन्य वस्तुओं की कीमत 712 करोड़ रुपए से ज्यादा है। चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में बीते 44 दिनों में 11.28 करोड़ नकद के अलावा कुल 236 करोड़ रुपये के अवैध सामान बरामद किए गए हैं। इसमें बहुमूल्य धातु और चुनाव में मुफ्त सामान बांटने जैसी चीजें भी हैं। 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले धनबल के खिलाफ निर्वाचन आयोग के संघर्ष की दृढ़ता के साथ प्रवर्तन एजेंसियों ने 4650 करोड़ से अधिक रुपये की रिकार्ड जब्ती की। अधिक राजनीतिक वित्तपोषण के अलावा काले धन का उपयोग और उसका सटीक पर्दाफाश, विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों में अधिक साधन संपन्न पार्टी या उम्मीदवार के पक्ष में समान अवसर को बिगाड़ सकता है। यह बरामदगी लोकसभा चुनाव को प्रलोभन और चुनावी कदाचार से मुक्त कराने और समान अवसर सुनिश्चित करने के ईसीआइ के संकल्प का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आयोग ने लगभग 106 सरकारी सेवकों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की है, जो चुनाव प्रचार में राजनेताओं की सहायता करते हुए आचार संहिता और निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाए गए। आने वाले दिनों में अभियान तेज होने के साथ, आयोग अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रलोभन मुक्त चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए अपनी सतर्कता बढ़ाने के लिए तैयार है।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

### विपक्ष का भ्रामक प्रचार

संदीप घोष ने अपने आलेख "चुनाव बाद की तैयारी में मोदी" सटीक विश्लेषण किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "अबकी बार चार सौ पार" के नारे के विषय में राजनीतिक पंडितों की अलग-अलग राय आ रही है। जहां मोदी में सत्ता में वापसी के लिए पूर्ण आत्मविश्वास की झलक दिखाई पड़ रही है। वहीं विपक्षी खेमे का हौसला पस्त होता नजर आ रहा है। विपक्षी खेमा डरा हुआ और भयभीत है। उसे विपक्ष को रौंदने के प्रयास के साथ तानाशाही की ओर बढ़ता हुआ कदम दिखाई पड़ रहा है। राहुल गांधी आजकल आरोप लगाते हुए अपनी हर सभा में एक रटा-रटाया टेप बजा रहे हैं कि भाजपा की योजना संविधान बदलने और लोकतंत्र के मूल स्वरूप को बदलने की तैयारी हो रही है। ऐसी मनगढ़ंत बातों से अंतरराष्ट्रीय मीडिया में गलत संदेश जा रहा है। विपक्ष के भ्रामक प्रचार से अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी प्रभावित होकर विपक्ष के आरोपों में अपना सुर मिलाने लगता है परंतु मोदी भ्रामक आरोपों की चिंता किए बिना अपनी चुनावी सभाओं में विपक्ष को सटीक उत्तर देकर जनता के मनोबल को टूटने नहीं देते हैं। पिछले दस वर्षों में मोदी ने डबल इंजन सरकार की महत्ता को समझा है। राज्य और केंद्र सरकार के आपसी तालमेल से ही विकास का एजेंडा प्रगति कर सकता है। भाजपा और मोदी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसा भारत, जो मुफ्त रेवड़ियां के बजाय समृद्ध भारत की राह चुनेगा।

बीरसैन सरल, गाजियाबाद

## पोस्ट

एक समय था जब ऊल जलूल बयान को 'डाक्टर्ड' कहकर बचा जाता था। आजकल इसको 'डीप फेक' और 'एआइ' कहकर संबोधित किया जाता है।

संकेत उपाध्याय@sanket

डीप फेक एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर रहा है। जब देश में चुनाव चल रहे हैं तब किसी के चेहरे और आवाज के साथ छेड़खानी कर जनता में भ्रम फैलाने से रोकना होगा। चुनाव आयोग को इस चुनौती से निपटने के लिए उपाय करने चाहिए।

आस्था कौशिक@ASTHAKAUSHIIK

लालू जी गिरफ्तार हुए तो लोकतंत्र खतरे में नहीं पड़ा। जयललिता जी गिरफ्तार हुईं, तब भी लोकतंत्र जिंदा रहा। केंद्रीय मंत्री ए. राजा से लेकर कनिमोई और हेमंत सोरेन से लेकर छगन भुजबल गिरफ्तार हुए तो तानाशाही नहीं आई, लेकिन केजरीवाल के गिरफ्तार होते ही देश में तानाशाही आ गई।

दिलीप मंडल@Profdilipmandal



लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने 262 रन बना दिए और उसके बाद भी टीम 25 रनों से मैच हार गई। आखिर टी-20 क्रिकेट किस दिशा में जा रहा है?

अयाज मेमन@cricketwallah

## जनपथ

भैया होती आजकल वादों की बौछार,
सोच समझकर कीजिए अब इन पर एतबार।
अब इन पर एतबार कहेंगे दूंगा चंदा,
पर चुनाव के बाद दिखेगा ना वह बंदा।
करके गलत चुनाव करोगे दइया-दइया,
सोच-समझकर वोट इसलिए देना भैया!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, चीफ एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेंद्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेंद्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 273

*********

# घटना के बाद पहली बार दिखे सलमान खान, मुख्यमंत्री शिंदे की अगवानी की




एकनाथ शिंदे ने सलमान खान और उनके पिता सलीम खान से मुलाकात की● एएनआइ

तृतीय पृष्ठ से आगे

गोलीबारी की घटना के बाद सलमान खान मंगलवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। उन्होंने अपने गैलेक्सी अपार्टमेंट स्थित आवास पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगवानी की। पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि गोलीबारी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने यह भी कहा कि उन्होंने सलमान और उनके परिवार की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। लारेंस बिश्नोई गिरोह को खत्म करने का संकल्प लेते हुए शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में अब भी गिरोह बचे हैं। हम सभी को उखाड़ फेंकेंगे। गिरोहों और गुंडों को यहां अपनी हुकूमत चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

एएनआइ के अनुसार, गोलीबारी की घटना के सिलसिले में अनमोल बिश्नोई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। नरकटियागंज (पश्चिम चंपारण) से जागरण संवाददाता के अनुसार, पुलिस ने गोलीबारी मामले में विक्की गुप्ता के पिता साहब साह और सागर पाल के बड़े भाई राहुल पाल को सोमवार की रात गौनाहा थाने लाकर पूछताछ की।

# अमिताभ को मिलेगा लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



अमिताभ बच्चन●

**एंटरटेनमेंट ब्यूरो, मुंबई :** हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन को इस साल 24 अप्रैल को मुंबई में आयोजित होने वाले तीसरे लता दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसकी घोषणा मंगलवार को मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट और मंगेशकर परिवार की तरफ से प्रेस वार्ता में की गई। ट्रस्ट और मंगेशकर परिवार की तरफ से कुछ अन्य पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। इसके तहत संगीतकार एआर रहमान को भारतीय संगीत, अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी को सिनेमा के क्षेत्र में उनकी सेवाओं, रूप कुमार राठौर को संगीत के क्षेत्र में उनकी सेवाओं और अभिनेता रणदीप हुडा को बेस्ट फिल्म प्रोडक्शन और एक्टर का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार की शुरुआत ट्रस्ट और मंगेशकर परिवार की तरफ से भारत रत्न और स्वर कोकिला दिवंगत लता मंगेशकर की स्मृति में साल 2022 में की गई थी।

# झामुमो नेता के आवास सहित चार ठिकानों पर ईडी के छापे

## भूमि घोटाले में अंतु तिर्की और उनके सहयोगियों पर कार्रवाई

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● रांची :** रांची में भूमि घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अंतु तिर्की के आवास सहित चार ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इन ठिकानों में अंतु के बरियातू में झामुमो मुख्यालय के समीप स्थित आवास के अलावा जमीन कारोबारी विपिन सिंह, कोकर में बैंक कालोनी के समीप रहने वाले प्रियरंजन सहाय का आवास शामिल है। ईडी की टीम गाड़ीगांव के समीप रहने वाले जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के ठिकाने पर भी पहुंची थी, जहां वे नहीं मिले, जिस कारण छापेमारी नहीं हो सकी। गत वर्ष भी जमीन घोटाले के एक अन्य मामले में अंतु तिर्की को छोड़ अन्य सभी के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। इधर, मंगलवार को दिनभर चली छापेमारी में ईडी को जमीन से जुड़े कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिनका सत्यापन चल रहा है। बहुत जल्द ईडी इन सभी आरोपितों को पूछताछ के लिए समन करेगी।

यह छापेमारी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े केस में हुई है। एक आरोपित सद्दाम हुसैन से रिमांड पर पूछताछ के दौरान मिले इनपुट के आधार पर ईडी ने छापेमारी की यह कार्रवाई की है।

### झामुमो नेता के बिगड़े बोल– मोदी को 400 फीट नीचे गाड़ देंगे


**राज्य ब्यूरो, जागरण ● रांची :** झारखंड में साहिबगंज के झामुमो नेता मो. नजरूल इस्लाम का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इस वीडियो में नजरुल यह कहते नजर आ रहे हैं कि मोदी को 400 फीट नीचे गाड़ देंगे। हालांकि दैनिक जागरण प्रसारित वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता। उधर, भाजपा ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विपक्षी महागठबंधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध साजिश रचने का आरोप लगाया है। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार जिहादी तत्वों को बढ़ावा दे रही है।

# नौसेना ने अरब सागर में पकड़ी 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप

- 'क्रिमसन बाराकुडा' के तहत मार्कोस कमांडो ने की कार्रवाई
- सीएमएफ सदस्य के रूप में पहली बार पकड़ी ड्रग्स की खेप

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय नौसेना ने पश्चिमी अरब सागर में 940 किलोग्राम ड्रग्स की खेप जब्त की है। कनाडा के नेतृत्व वाले संयुक्त कार्य बल (सीटीएफ)- 150 की सहायता से यह कार्रवाई की गई है। सीटीएफ 150 दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक साझेदारी सीएमएफ के तहत पांच टास्क फोर्स में से एक है।

नौसेना ने मंगलवार को बताया कि भारतीय नौसेना ने पहली बार संयुक्त समुद्री बल (सीएमएफ) के सदस्य के रूप में ड्रग्स की बरामदगी की है। सीएमएफ 42 देशों की नौसैनिक साझेदारी है जिसका उद्देश्य समुद्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देकर अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखना है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए पश्चिमी अरब सागर में तैनात भारतीय नौसेना के जहाज आइएनएस तलवार पर तैनात भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो ने 'क्रिमसन बाराकुडा' अभियान के तहत समुद्र में गश्ती के दौरान 13 अप्रैल को 'ढाउ' (विशेष नौका) से 940 किलोग्राम ड्रग्स को जब्त किया। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार ड्रग्स का निपटारा कर दिया गया। सीटीएफ 150 के कमांडर, रायल कैनेडियन नेवी के कैप्टन कालिन मैथ्यूज ने कहा, मैं इस अभियान के दौरान प्रयासों के लिए आइएनएस तलवार के चालक दल की सराहना करता हूं और उनकी कड़ी मेहनत से 940 किलोग्राम ड्रग्स को सफलतापूर्वक जब्त किया जा सका।




# कैमूर की पहाड़ियों पर 12 हजार वर्ष पुराने देवी उपासना स्थल

तरुण मिश्र ● नईदुनिया



कैराई गांव का देवी चबूतरा● नईदुनिया

**जबलपुर :** जगत जननी के 12 हजार वर्ष पुराने दुर्लभ उपासना स्थल विंध्य की कैमूर की पहाड़ियों में मिलते हैं। मप्र के सीधी जिले के सिंहावल के समीप कैराई, बघोर व मेधौली गांवों में स्थित खुले चबूतरों पर स्थित इन देवी स्थलों का प्रत्येक पत्थर रहस्यमय शक्ति पुंज समेटे प्रतीत होता है। इस स्थलों का दो बार अध्ययन और मूल्यांकन कर चुके इंडोलाजिस्ट (भारतीय साहित्य, इतिहास, दर्शन के विद्यार्थी) ललित मिश्र कहते हैं कि अपर पैलियोलिथिक युग का यह भारत का एकमात्र स्थल है, जिनमें आस्था के प्रमाण मिले हैं। इनकी सुरक्षा और संरक्षण की तुरंत आवश्यकता है। बघोर-1 व बघोर-2 की उपलब्ध कार्बन डेटिंग के आधार पर कैमूर के इन तीन गावों में स्थित देवी स्थलों की प्राचीनता लगभग 8300 वर्ष से 11,800 वर्ष के बीच है। वर्ष 1982-83 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. जीआर शर्मा के साथ कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी, बर्कले की टीम के प्रो. जेडी क्लार्क के नेतृत्व में इन स्थलों का सर्वेक्षण किया गया था। सर्वे की रिसर्च जरनल एंटीक्विटी में रिपोर्ट भी प्रकाशित हुई थी।

कैराई, बघोर व मेधौली में विश्व के मिले पहले मानव निर्मित उपासना स्थल के हर एक चबूतरे पर 12 हजार वर्ष पहले पत्थरों पर बारीकी से उकेरी हुई त्रिकोण आकृति पहली नजर में ही आकर्षित करती है। कैमूर के ये स्थल प्रतीकों की वैश्विक जन्मस्थली के रूप में भी सामने आए हैं। ऋग्वेद के दसवें मंडल के 146वें सूक्त की अरण्यानि देवी के वर्णन से इनकी समरूपता प्राप्त होती है, अरण्यानि अर्थात वन देवी। ग्रामीणों द्वारा इन देवीस्थलों की अधिष्ठात्री को वनसती के नाम से जाना जाता है। पश्चिमी लेखकों में जान मुइर ने वर्ष 1870 में अरण्यानि देवी का अध्ययन किया था। इस स्थलों का अध्ययन कर चुके ललित मिश्र कहते हैं कि अभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य सबसे प्राचीन उपासना स्थलों में तुर्की स्थित गोबेक्ली टेपे एवं लंदन स्थित स्टोनहेंज क्रमशः पहले व दूसरे नंबर पर आते हैं, किंतु इन सबको पछाड़ते हुए कैमूर में बघोर -1 के नाम से चिह्नित देवी स्थल पहले नंबर पर दावा पेश करता है। इसके पहले भारत का कोई मंदिर या अन्य धार्मिक स्थल वैश्विक स्तर पर प्रचीनता के पैमानों पर अपना स्थान नहीं बना सका। एएसआई के अधीक्षक शिवकांत बाजपेयी के मुताबिक एएसआई संरक्षित स्थल पर कार्य करती है, चूंकि यह प्री हिस्टोरिक साइट है। अतः इस पर ध्यान नहीं दिया गया, भविष्य में विभाग की टीम इस साइट का दौरा करेगी, तब कुछ कहा जा सकेगा।

## वृंदावन में 210 मीटर ऊंचा होगा श्रीकृष्ण मंदिर

**वाशिंगटन, प्रेट्र :** इस्कान के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन व अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। 70 मंजिला वृंदावन हेरिटेज टावर 210 मीटर ऊंचा होगा। इसे आठ करोड़ डालर की लागत से बनाया जा रहा है। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कान बेंगलुरु के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने एक साक्षात्कार में कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते।

# हत्यारोपित 35 वर्ष जंगलों में छिपता रहा, पुलिस ने वेश बदल दबोचा



चंडीगढ़ पुलिस ने 35 साल से फरार आरोपित को साधु बनकर पकड़ा● पुलिस

**जागरण संवाददाता, चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ पुलिस के हाथ बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने 35 वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में फरार आरोपित अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) निवासी आनंद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसने 18 नवंबर, 1989 को 11 वर्ष के एक बच्चे का पहले अपहरण किया और फिर उसकी हत्या कर दी। आरोपित कभी पुलिस के हाथ नहीं आया था। वह पिछले कई वर्षों से यूपी के जंगलों में साधु बनकर छिपा हुआ था। चंडीगढ़ पुलिस की टीम ने भी साधु का चोला ओढ़कर आरोपित को दबोच लिया। दरअसल, उसे पकड़ने के लिए पीओ सेल की टीम के सदस्य खुद साधु बनकर कई महीनों तक जंगल में भटकते रहे। आखिर में आरोपित उन्हें कासगंज के जंगल में मिल गया, जहां उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

35 साल पहले आरोपित वारदात को अंजाम देकर अपने गांव अलीगढ़ की अतरौली तहसील स्थित गांव हरनपुर कलां भाग गया था। वह एक ठिकाने पर दो महीने से ज्यादा नहीं रहता था। उसके यूपी में होने के बारे में चंडीगढ़ पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस ने नौ महीनों तक उसका पीछा किया। पुलिसकर्मी खुद साधु का चोला पहनकर उसे ढूंढते रहे। आखिर में पता चला कि वह कासगंज के आश्रम में छिपा है।

नई दिल्ली, दिल्ली के उच्च न्यायालय में
(मूल कंपनी क्षेत्राधिकार)
कम्पनी अधिनियम, 1956 के मामले मे तथा
एपेक्स कॉन्टिनेंटल लिमिटेड (प्रोवि. परि. में) के मामले में
सी. पी. नं. 248/2010

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 529-ए तथा 530 के अंतर्गत अपने दावों को साबित करने हेतु समस्त श्रमिकों / सुरक्षित लेनदारो / असुरक्षित लेनदारो हेतु सूचना का विज्ञापन

एतद्द्वारा उपरोक्त नामित कंपनी के श्रमिकों / सुरक्षित लेनदारो / असुरक्षित लेनदारो को सूचित किया जाता हैं कि उन्हे दिल्ली में कंपनीज् (न्यायालय) नियम, 1959 के प्रपत्र क्रमांक 66 मे बिना न्यायायिक स्टाम्प पत्र में उनके मूल दस्तावेजों की फोटोकॉपी के साथ साथ उनके निवेश/ऋण/दावों तथा कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 529 ए तथा 530 के अधिन प्राथमिकता के किसी अधिकार के साथ एवं अपने निवेश/ऋण/दावों को साबित करने वाला एक शपथ पत्र को आधिकारिक परिसमापक के कार्यालय में प्रदायगी द्वारा नामित कंपनी के विरुद्ध अपने तत्सम्बन्धित निवेश/ऋण/दावा के प्रमाण माननीय उच्च न्यायालय के आधिकारिक परिसमापक को 15.05.2024 को या उससे पूर्व प्रस्तुत करने होंगे या पोस्ट द्वारा भेजने होंगे जो उनके पास कथित तिथि से पहले पहुंच जाएं। कोई भी श्रमिक / सुरक्षित लेनदार / असुरक्षित लेनदार जो उपरोक्त अनुसार सीमित समय के अंदर प्रमाण का अपना शपथपत्र प्रस्तुत नहीं करता हैं तो उसे ऐसे वितरण की विषयवस्तु से उनका ऋण साबित होने से पहले या जैसा भी मामला होगा, लाभांश के सभी वितरण के लाभ से बाहर कर दिया जाएगा।

कोई भी श्रमिक / सुरक्षित लेनदार / असुरक्षित लेनदार जो अपना प्रमाण भेजते हैं, यदि वे आधिकारिक परिसमापक से लिखित में सुचना द्वारा ऐसा चाहते हैं तो, या तो स्थल या अपने अधिवक्ता द्वारा ऐसे ऋण या दावें की जाच में ऐसे समय एंव स्थान पर जैसा कि ऐसी सूचना में निर्दिष्ट हैं, भाग ले सकते हैं और अपने ऋण या दावें जैसा अपेक्षित हो का ऐसा आगे साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

कंपनीज् (न्यायालय) नियम, 1959 के प्रपत्र क्रमांक 66 प्राप्ति हेतु वेबसाईट ww.mca.gov.in तथा www.delhiol.com देखें।

दिनांक : 10/04/2024

हस्ता/-
(एस. मीनाक्षी)
आधिकारिक परिसमापक
दिल्ली उच्च न्यायालय से संलग्न
8वां तल, लोक नायक भवन, खान मार्केट, नई दिल्ली - 110003. फोन : 011-24693393-94, फेक्स : 011-24693314.

# पांच दशक की कानूनी लड़ाई के बाद रेल कर्मी को मिला न्याय

**जागरण संवाददाता, जागरण, प्रयागराज :** अगस्त, 1976 में बर्खास्त रेलवे अधिकारी को 47 वर्ष की लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार 79 वर्ष की आयु में न्याय मिला है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रेलवे के सीनियर रक्षक की सेवा समाप्ति संबंधी आदेश को अवैध करार देते हुए रद कर दिया है और सेवा जनित सभी परिलाभ पाने का हकदार ठहराया है। कोर्ट ने 'काम नहीं तो दाम नहीं' के सिद्धांत के तहत कहा कि याची को बकाया वेतन नहीं मिलेगा, लेकिन सेवाजनित अन्य परिलाभ पाने का हक है। यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन ने पांचू गोपाल घोष की याचिका स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कि 'याची को 79 वर्ष की आयु में विभाग को फिर निर्णय लेने के लिए भेजना उचित नहीं होगा। विभाग के काम के चलते यह स्थिति पैदा हुई। जांच में आरोप साबित नहीं हुआ। इसलिए बर्खास्तगी अवैध है।'

कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
उप क्षेत्रीय कार्यालयः नोएडा
बी-64, सैक्टर-57, नोएडा-201301, दूरभाषः 0120-4555101
ईमेलः sro-noida@esic.nic.in, वेबसाइटः www.esic.gov.in

इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है की निम्नलिखित नियोक्ताओ को उल्लिखित विवरण के अनुसार, नियोक्ता के खिलाफ ईएसआई अधिनियम 1948 की धारा 45ए के तहत योगदान के निर्धारण के मामले में व्यक्तिगत सुनवाई के कई अवसर प्रदान किए गए थे। इस संबंध मे नियोक्ता की ओर से कोई जवाब/पत्राचार प्राप्त नहीं हुआ है। अतः नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान मे रखते हुए इस मामले मे सुनवाई का अंतिम अवसर दिनांक 25.04.2024, प्रातः 11 बजे, उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, बी-64, सैक्टर-57, नोएडा मे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष निर्धारित किया गया है। नियोक्ता 25.04.2024 को सुबह 11 बजे व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से व्यक्तिगत सुनवाई मे भाग ले सकते हैं। मामले मे दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत सुनवाई मे उपस्थित होने मे विफल रहने की स्थिति मे मामले का निर्णय रिकॉर्ड पर सामग्री के आधार पर किया जाएगा।

| ईएसआई कोड संख्या | फैक्ट्री/प्रतिष्ठान का पता | नियोक्ता का पता | सूचना की तिथि | डिफाल्ट राशि एवं अवधि (सी-18 तदर्थ) |
|---|---|---|---|---|
| 67000686280000699 | मैसर्स वाई एन कंस्ट्रक्शन कंपनी पता- लखनवाली, मकान नंबर 68, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा-201306 | मैसर्स वाई एन कंस्ट्रक्शन कंपनी (यतेंदर नागर) पता- लखनवाली, मकान नंबर 68, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा-201306 | 04.03.2024 | रु. 556306/- अवधि - अप्रैल 2019- दिसंबर 2019 एवं अप्रैल 2020- जून 2020 एवं दिसंबर 2020- मार्च 2022 एवं मार्च 2023 |

प्राधिकृत अधिकारी




********





आजादी के बाद से भारत के स्वत्व को नकारा गया: मनमोहन वैद्य V



कूचा महाजनी में किन्नरों के प्रवेश पर रोक: योगेश सिंघल V






SAYA
RELATIONSHIPS FOREVER
THANK YOU
FOR YOUR DELIGHTFUL RESPONSE.
55 FAMILIES CELEBRATED GRIHA PRAVESH ON NAVARATRI'S FIRST DAY
PAY JUST
25%*
MOVE IN NOW
REST, PAY IN APRIL 2025*
Lush Greens
Sprawling Clubhouse
Gold Spa Center
Semi-Olympic Size Swimming Pool
Serene Yoga Center
State-of-the-Art Gym
*T&C APPLY
OVER 2 HECTARES OF PLANNED AREA | FULLY PAID-UP LAND
OVERLOOKING NH-9 | DESIGNED BY HAFEEZ CONTRACTOR
7432 SQ. M. SPRAWLING CLUB AREA | 1200+ FAMILIES RESIDING
SAYA
GOLD
AVENUE
IMMEDIATE REGISTRY & POSSESSION
SAYA HOMES PVT. LTD.
Corporate Office: Saya SouthX, C-01, Sector 12, Greater Noida West- 201306
Site Office: Saya Gold Avenue, Plot 10/1, 10, Vaibhav Khand, Opposite Shipra Mall, Indirapuram, GZB. - 201014 (U.P.)
Registered Office: B-7/45, Safdarjung Enclave Extension, New Delhi - 110029 | E: info@sayahomes.in
RERA No.: PHASE 1 - UPRERAPRJ6548 - PHASE II - UPRERAPRJ6678 | CIN No.: U70101DL2010PTC211055 | www.up-rera.in Follow us on:
Saya Gold Avenue: Collection A/C: Account Name - SAYA HOMES COLL ESCROW ACC PH-I, A/c No. 003866200000242 | IFSC Code YESB0000038
Saya Gold Avenue: Collection A/C: Account Name - SAYA HOMES COLL ESCROW ACC PH-II, A/c No. 003866200000292 | IFSC Code YESB0000038
8888 71 8888
INDIRAPURAM, GHAZIABAD
Disclaimer: The elevations, designs, plans, and dimensions are as per current sanctioned approvals and plans, specifications, amenities and facilities will be set out in the agreements for sale/ sub-lease and images are artistic impressions and purely for representational purposes. The same may be subject to alterations/ changes/ revisions in terms of directions, approvals, orders, and/ or regulations of the concerned/ relevant authorities, and/ or for compliance with laws/ regulations in force from time to time. In view of the above, and in line with our customer policies, we may change/ alter the above in consonance with approvals, orders, directions, applicable laws, regulations, etc. Unless otherwise stated, all the images, visuals, materials and information contained herein are purely artistic/ creative concepts and may not be actual representations of the product and/ or any amenities. None of the above may be construed to form any basis of or serve as an inducement or invitation for payment of any advance and/ or deposit, to be made by a prospective customer, under relevant provisions of Law or otherwise. Solely the amenities/ specifications, and features mentioned in the agreement for sale (if any) shall be final. For more information refer to http://www.up-rera.in/. *T&C applies.



कन्याओं के निर्माण से उज्ज्वल राष्ट्र का निर्माण होता है और समाज की नींव मजबूत होती है। आर्य समाज के गुरुकुल में हम इसी कार्य में लगे हुए हैं। यहां कन्याओं को अपनी परंपरा के साथ ही वर्तमान शिक्षा से अवगत कराया जा रहा है। इससे उन्हें केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कृति का भी ज्ञान हो रहा है। वार्षिकोत्सव में कन्याओं की प्रतिभा जो देखने को मिली है वह अदभुत है।

**–अनिल आर्य**, अध्यक्ष, केंद्रीय आर्य युवक परिषद

## ॥ प्रणाम ॥

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में चित्रकार सजल कुमार मित्रा की चित्रकलाओं की प्रदर्शनी, कन्वेंशन सेंटर फायर। सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी 18 अप्रैल तक लगी रहेगी।

## दैनिक जागरण कार्यालय

**स्थानीय ब्यूरो**

प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**

आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें : 8175813532 ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं। 9873067812

## जनमत
### मुद्दा

**क्या आप मानते हैं कि एनसीआर में स्कूल वाहनों को सुरक्षित बनाने के लिए अभी भी ठोस उपाय करने की जरूरत है?**

अपनी राय और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने मोबाइल के मैसेज बाक्स में जाकर MUDDAD लिखें, स्पेस देकर YES या NO लिखकर 57272 पर भेजें

muddad@jagran.com

## एक नजर में

### बच्चे को स्वजन से मिलाया

**दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिण जिला पुलिस ने तीन वर्षीय बच्चे को आपरेशन मिलाप के तहत स्वजन से मिलाया। वह घर से निकलकर बदरपुर रोड पर आ गया था। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 15 अप्रैल को तिगरी थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चा महरौली–बदरपुर रोड पर घूम रहा है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को थाने पर ले आई। पुलिस ने आपरेशन मिलाप के तहत एक्स व आरडब्ल्यूए व अन्य ग्रुपों पर बच्चे के फोटो डालकर उसकी तलाश शुरू कर दी। बाद में बच्चे को संगम विहार स्थित प्रधान मार्केट से बरामद कर लिया। (जासं)

### बंद रहेगी पीआरएस सेवा

**नई दिल्ली :** बृहस्पतिवार को मध्य रात्रि 12.15 बजे से 01.15 बजे तक दिल्ली यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) से जुड़ी सेवाएं स्थगित रहेंगी। उत्तर रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्थिर पीआरएस से संबंधित जरूरी कार्य के लिए इससे जुड़ी सेवाएं एक घंटे तक बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्ट बनाने, पूछताछ सेवा (139 पर काल करके व काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग के काम नहीं होगा। (वि)

# दो माह तक मुश्किल में रहेगा सफर

## सरिता विहार फ्लाईओवर पर एक मई से शुरू होगी मरम्मत, 30 जून तक चलेगा कार्य

### आश्रम–फरीदाबाद मार्ग

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** आश्रम–फरीदाबाद मार्ग पर दो माह तक सफर लोगों के लिए मुश्किल भरा होगा। सरिता विहार फ्लाईओवर पर एक मई से पीडब्ल्यूडी विभाग मरम्मत का कार्य शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह कार्य तीस जून तक चलेगा। इधर से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।

दिल्ली–फरीदाबाद मार्ग से रोजाना 50 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। यह वाहन मथुरा रोड से होते हुए जाते है। सरिता विहार फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा जल्द शुरू किया जाएगा। विभाग की तरफ से मरम्मत का कार्य चार चरणों में किया जाएगा। यह कार्य जून 2023 में शुरू होना था। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से एनओसी मांगी थी, लेकिन कुछ शर्तों के कारण मरम्मत का कार्य अटका रहा। अब सभी शर्तों को पूरा कर लिया गया है। इसलिए अब इस कार्य को एक मई से शुरू कर तीस जून तक किया जाएगा। कार्य शुरू होने के कारण एक बार में एक तरफ तक का मार्ग बंद रहेगा और दूसरी तरफ से वाहनों को निकाला जाएगा। एक तरफ का कार्य पूरा करने में एक माह का समय लगेगा। जब एक तरफ का कार्य पूरा हो जाएगा, तो दूसरी तरफ कार्य शुरू किया जाएगा।



सरिता विहार फ्लाईओवर ● जागरण आर्काइव

### वाहन चालकों को उठानी पड़ेगी परेशानी

सरिता विहार फ्लाईओवर पर कार्य शुरू होने से वाहन चालकों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में वैकल्पिक रास्तों की सूची तैयार की जा रही है। जिससे लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की दिक्कत से बचाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि न्यू फ्रैंड्स कालोनी, ओखला, कालिंदी कुंज, बदरपुर, सरिता विहार, फरीदाबाद की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ सकता है।

# पराली संभावित क्षेत्रों की होगी मैपिंग

संजीव गुप्ता ● जागरण

- सीएक्यूएम ने पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से मांगी पराली प्रबंधन पर कारगर कार्ययोजना
- ब्लाक स्तर पर भी नियुक्त होंगे नोडल अधिकारी, पराली जलाने की घटनाओं पर लगाएंगे अंकुश

**नई दिल्ली :** इस साल फिर से सर्दियों में दिल्ली का दम न घुटे, इसके लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अभी से ही कमर कस ली है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान को न केवल लिखित निर्देश जारी किए गए हैं बल्कि उनसे पराली जलाने की घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुख्ता कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा गया है। सभी राज्यों को प्रतिमाह इसे लेकर सीएक्यूएम को प्रगति रिपोर्ट भी भेजनी होगी।

गौरतलब है कि पराली का धुआं सर्दियों के दिनों में दिल्ली वासियों के लिए जी का जंजाल बन जाता है। हालांकि पहले की तुलना में पराली जलाने की घटनाएं कम तो हुई हैं, लेकिन खासतौर पर पंजाब में अभी भी स्थिति भयावह ही बनी हुई है। बीती सर्दियों में भी पंजाब में ही इस संदर्भ में सबसे ज्यादा निरंकुशता देखने को मिली थी। इसीलिए एक बार फिर सीएक्यूएम ने समय रहते इस समस्या का संज्ञान लेते हुए अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। सीएक्यूएम के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल ने उक्त सभी राज्यों को दिशा निर्देश जारी करते हुए पत्र लिखा है।

इस पत्र में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों से कहा गया है कि उन सभी चिह्नित स्थानों, जहां पराली जलाई जाती है, की जल्द से जल्द मैपिंग कराई जाए। इन स्थानों की वेब मानिटरिंग भी सुनिश्चित की जाए ताकि व्यक्तिगत रूप से जाए बिना भी वहां की हकीकत सामने आ सके। प्रत्येक क्लस्टर, गांव और ब्लाक स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति समय से कर दी जाए। कृषि अवशेष काटने वाली मशीनों की खरीद जुलाई–अगस्त तक सुनिश्चित कर ली जाए। इसरो प्रोटोकाल का पालन करते हुए लगातार समीक्षा बैठकें की जाएं और जन जागरूकता अभियान भी चलाए जाएं।

इसके अलावा जिला प्रशासन और राज्य सरकार से अपेक्षा जताई गई है कि पराली प्रबंधन को लेकर तैयार की जा रही नई कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर लगातार निगरानी की जाए। दिल्ली और राजस्थान में चूंकि पराली जलाने की घटनाएं अपेक्षाकृत कम होती हैं, तो इनके मुख्य सचिवों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वहां ऐसी कोई घटना ना हो। पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए मासिक स्तर पर सीएक्यूएम को विस्तृत प्रगति रिपोर्ट भेजने को भी कहा है।

# जेएनयूएसयू ने की हड़ताल, नहीं चलीं कक्षाएं

- लैंगिक न्याय की प्रक्रिया को तेज किए जाने की मांग की
- बराक छात्रावास शुरू करने और छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाने को कहा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर परिसर में हड़ताल की। इस दौरान कक्षाओं का संचालन प्रभावित रहा। छात्र संघ ने जेएनयू प्रशासन से सभी मांगों पर जल्द से जल्द गौर करने का आह्वान किया है।

हड़ताल सुबह नौ बजे से ही शुरू हो गई। जेएनयूएसयू के पदाधिकारी सभी कक्षाओं में पहुंचकर हड़ताल में शामिल होने की अपील करते रहे। स्कूल आफ आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स, स्कूल आफ लैंग्वेज, लिटरेचर एंड कल्चर स्टडीज, स्कूल आफ फिजिकल साइंसेज और स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टडीज जैसे विभिन्न स्कूल हड़ताल में शामिल हुए। जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय ने कहा कि जेएनयू के आला अधिकारियों से बातचीत की गई, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद ही हड़ताल का निर्णय लिया गया।

हड़ताल के जरिये हमने मांग की है कि लैंगिक न्याय की प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए। छात्रों की चिंताओं को दूर करने के लिए जिम्मेदार सभी समितियों में जेएनयूएसयू प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। एमसीएम को बढ़ाकर पांच हजार किया जाए। यौन उत्पीड़न की जांच में तेजी लाई जाए, व्यावसायिक फिल्म की शूटिंग रोकी जाए और चुनावों में शिकायत निवारण समिति का हस्तक्षेप बंद होना चाहिए। प्रवेश में जेएनयूईई को प्राथमिकता दी जाए, मौखिक परीक्षा का महत्व कम करना और पुस्तकालय में सुधार होना चाहिए। छात्रावासों का नवीनकरण हो और बराक छात्रावास को जल्द शुरू किया जाए।

परिसर में बस सेवाओं को फिर से शुरू किया जाए और ई-रिक्शा की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। सभी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार हो और शिक्षकों की भर्ती की जाए। धनंजय ने कहा कि जेएनयू प्रशासन को छात्र समुदाय के साथ मिलकर काम करना चाहिए।


हड़ताल का नेतृत्व करते जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय और सचिव प्रियांशी ● वीडियो ग्रैब

# डीयू पुस्तकालय में बढ़ाई जाएं सुविधाएं : एबीवीपी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीयू के केंद्रीय पुस्तकालय के अध्यक्ष डा. राजेश सिंह को ज्ञापन दिया है। इसमें पुस्तकालय में स्वच्छ व ठंडे पानी की व्यवस्था करने, पुस्तकालय में कंप्यूटर सेंटर बनाने, विभिन्न नए जर्नलों को उपलब्ध कराने, सीटिंग क्षमता बढ़ाने, पंखे, कूलर व एसी की व्यवस्था करने व नई पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री आशीष सिंह, एबीवीपी डीयू इकाई अध्यक्ष नवनीत कुमार, डीयू इकाई मंत्री सौम्या वर्मा आदि उपस्थित रहे।

एबीवीपी ने कहा कि पुस्तकालय में वाटर कूलर से पानी ठीक नहीं आ रहा है, गर्मी होने के कारण यह समस्या और भी बढ़ गई है। छात्रों की संख्या के अनुरूप आरओ और वाटर कूलर लगाए जाने की जरूरत है। उनकी नियमित सफाई तथा मेंटेनेंस का ध्यान रखा जाना चाहिए। एबीवीपी ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में तेजी से डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है, इसलिए यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय के सभी पुस्तकालयों में उचित संख्या में कंप्यूटर हों।

BE INDUSTRY READY
MBA
SPECIALISATION
16th Batch
MKT., HR, FIN., IT, IB, Operation
Affl. to AKTU Approved by AICTE
120 hrs. module with University Syllabus
• Advance EXCEL • Digital Marketing
• Supply Chain • Mandatory Internship to all
HBS alumni are working with GOOGLE, AMAZON, MICROSOFT, TCS, AXIS Bank, ANZ Bank, HDFC, ICICI, HCL, WIRPO, GODREJ, RELIANCE, UNIBIC, KARVY, AIRTEL, JIO & many more...
ADMISSION OPEN
Highly Qualified Faculty from DU/PU/AMU/IIT/IIM/ Corporates
Oldest B.School Providing Job Ready Degree Since 2006
Placement Upto 81%
HIERANK BUSINESS SCHOOL
Enhancing Competence
A-42, Sector-62, Noida (Opp. 63 Metro Stn.) www.hierank.org
99101 72577 • 78381 67295 • 96508 48777

# लोडिंग के दौरान चुराए थे आइफोन, चार पकड़े

**जासं, नई दिल्ली:** आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एअर इंडिया के मालखाने में काम करने के दौरान आइफोन चुराने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने चोरी के तीन आइफोन भी बरामद किए हैं। आरोपितों में सुनील मिश्रा, प्रहलाद कुमार, चंदन प्रसाद और विनय कुमार सिंह शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनके पास आइफोन लेने के पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने सामान की लोडिंग के दौरान आइफोन चुराए थे। पुलिस आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

आइजीआइ पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि दिल्ली कार्गो सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सुरेंद्र सिंह यादव ने कुछ दिनों पहले एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि एअर इंडिया के गोदाम में सामान का पार्सल आया था, जिसे शिकागो, यूएसए भेजा गया था। इसमें से पांच आइफोन गायब मिले हैं।

# 80 किलो गांजा संग तीन धरे

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीन अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार कर उनके पास से 80 किलो गांजा बरामद किया है। तस्कर गांजे की खेप ओडिशा से लाए थे। इसकी आपूर्ति एनसीआर के छोटे तस्करों को की जानी थी। क्राइम ब्रांच ने आरोपितों के कब्जे से तस्करी में इस्तेमाल कार भी जब्त की है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच के मुताबिक गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम निबाश विश्वास उर्फ राज (ओडिशा), सौरभ सिंह सोनू (फर्रुखाबाद) व सकलैन राजा खान उर्फ रफ्तार (मोहनपुर, बरेली) है। 14 अप्रैल को एएसआइ संदीप को एनसीआर में गांजा की खेप की सप्लाई के बारे में सूचना मिली। जांच से पता चला कि यूपी नंबर की मारुति स्विफ्ट कार से गांजा ओडिशा से दिल्ली लाया जा रहा है। उसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने शालीमार बाग इलाके में हैदरपुर अस्पताल के पास से कार सवार तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। ओडिशा का रहने वाला निबाश बिश्वास इस अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड है। आसानी से पैसा कमाने के लिए वह मादक पदार्थों की तस्करी के धंधे में शामिल हो गया। इसे 2016 में यूपी के मैनपुरी और 2020 में हरियाणा के फरीदाबाद में एनडीपीएस के दो मामलों में गिरफ्तार किया गया था। मैनपुरी जेल में इसकी मुलाकात सौरभ सिंह से हुई थी। जमानत पर रिहा होने के बाद दोनों ने ड्रग्स का अवैध व्यापार शुरू कर दिया।

यह ओडिशा के जंगलों से सीधे गांजा इकट्ठा करता था और एनसीआर में ड्रग्स तस्करों के अलावा अपने ग्राहकों को होम डिलीवरी कराता था। सौरभ सिंह पहले 2014 में यूपी में आर्म्स एक्ट के एक मामले में पहले जेल जा चुका है।



# दाखिला कराने स्कूल आने वाले अभिभावक होंगे सम्मानित

धर्मेंद्र यादव ● जागरण

**बाहरी दिल्ली:** पहली से पांचवीं कक्षा तक बच्चों के दाखिले के लिए दिल्ली नगर निगम ने तैयारी तेज कर दी हैं। अपने बच्चों के प्रवेश के लिए स्कूल आने वाले अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा। सभी स्कूल मुखिया से कहा गया है कि अभिभावकों के लिए बैठने और पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रधानाचार्य व अध्यापकों को कहा है कि किसी भी कारणवश स्कूल में प्रवेश के लिए मना न किया तो कार्रवाई की जाएगी।

निगम के अपर निदेशक (शिक्षा) की ओर से सभी उप व सहायक निदेशक और स्कूल प्रमुखों को दाखिलों को व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नरेला नगर निगम ने अभिभावक व बच्चों की सहूलियत के लिए सभी 170 स्कूलों में अलग से दाखिला कक्ष बनाने का निर्णय लिया है। निगम की उप निदेशक (शिक्षा) की ओर से सभी स्कूलों को भेजे गए सर्कुलर में कहा गया है कि स्कूल के जिस कमरे में दाखिला प्रक्रिया चल रही है, उस कमरे को अच्छी तरह से सुसज्जित किया जाए और बच्चों के अनुकूल हो। प्रवेश प्रक्रिया कक्ष में कालीन के साथ फर्नीचर का भी प्रबंध किया जाए। कक्षा में ही बच्चों के खेलने के स्थान निर्धारित करने के साथ ही वहीं खिलौनों का प्रबंध होना चाहिए। निगम नरेला जोन के उपायुक्त पवन कुमार यादव ने बताया कि अभिभावकों और बच्चों को सुखद अहसास दिलाने की जरूरत है।

### निगम स्कूल में प्रवेश के लिए आयु सीमा

- नर्सरी कक्षा में दाखिले के लिए बच्चे ने 31 मार्च 2024 तक तीन आयु पूरी कर ली हो
- केजी में प्रवेश के लिए 31 मार्च को चार वर्ष की आयु पूरी कर ली हो
- प्रथम कक्षा के लिए 31 मार्च को पांच वर्ष की आयु पूरी कर ली हो
- द्वितीय कक्षा में प्रवेश के लिए 31 मार्च को छह वर्ष की आयु हो
- तृतीय कक्षा में प्रवेश के लिए 31 मार्च को सात वर्ष की आयु पूरी कर ली हो

### प्रवेश से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां

- स्कूल प्रमुख पूर्व अनुमति से नर्सरी से पहली कक्षा में दाखिले के लिए आयु सीमा में मिल सकती है 30 दिन की छूट
- स्कूल प्रमुख की अनुमति से दिव्यांग बच्चे के प्रवेश के लिए आयु सीमा में छूट के लिए है प्रविधान
- नए दाखिले के लिए स्पेशल एजुकेटर से प्रशस्त स्क्रीनिंग जरूरी
- ग्रीष्म अवकाश (10 मई से 30 जून तक) के दौरान भी जारी रहेगी दाखिला प्रक्रिया।

### ये करेंगे स्कूल मुखिया

- स्कूल के मुख्य गेट पर दाखिला प्रक्रिया से संबंधित सभी जानकारी व दिशा–निर्देश के अलावा क्यूआर कोड भी चस्पा करना अनिवार्य
- स्कूल के मुख्य द्वार पर मुख्यालय का टेलीफोन नंबर (011-23226508) लिखा जाए
- निगम स्कूल में अधिक से अधिक दाखिले लिए आसपास के क्षेत्र में प्रचार जरूरी
- निगम स्कूल में ज्यादा प्रवेश के लिए बच्चों के अभिभावकों के वाट्सएप ग्रुप की मदद लें।

Pearl Academy
Become a
COMPLETE CREATIVE PROFESSIONAL
B.DES., BBA, M.DES., MBA DEGREES*
AND 11-MONTH PROFESSIONAL CERTIFICATE COURSES.



FASHION | BUSINESS | INTERIORS | COMMUNICATION
PRODUCT DESIGN | FILM | GAMING
Global Immersion[#] | Unreal Engine Authorised Campuses | Start-Up Support | Lifetime Placement Support**
Merit-Based Scholarship Available**
APPLY BY: 20TH APRIL'24
www.pearlacademy.com | 1800 103 3005
Bengaluru | Delhi-South | Delhi-West | Jaipur | Mumbai
EXPLORE MORE
*From Rajiv Gandhi National Institute of Youth Development (Recognised University of National Importance)



# जय श्री राम

## ।। श्री राम स्तुति ।।

श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन
हरण भवभय दारुणम।
नव कंज लोचन कंज मुख
कर कंज पद कंजारुणं ।। 1 ।।

कन्दर्प अगणित अमित छवि
नव नील नीरज सुन्दरम।
पटपीत मानहुँ तडित रुचि शुचि
नौमि जनक सुतावरम।। 2 ।।

भजु दीनबन्धु दिनेश दानव
दैत्य वंश निकन्दनं।
रघुनन्द आनन्द कन्द
कोशल चन्द दशरथ नन्दनं ।। 3 ।।

शिर मुकुट कुंडल तिलक चारु
उदारु अङ्ग विभूषणं।
आजानु भुज शर चाप धर
संग्राम जित खरदूषणं ।। 4 ।।


इति वदति तुलसीदास
शंकर शेष मुनि मन रंजनं।
मम् हृदय कंज निवास कुरु
कामादि खलदल गंजनं ।। 5 ।।

मन जाहि राच्यो मिलहि
सो वर सहज सुन्दर सांवरो।
करुणा निधान सुजान शील
स्नेह जानत रावरो ।। 6 ।।

एहि भांति गौरी असीस सुन
सिय सहित हिय हरषित अली।
तुलसी भवानिहि पूजी पुनि–पुनि
मुदित मन मन्दिर चली ।। 7 ।।

॥सोरठा॥

जानी गौरी अनुकूल सिय
हिय हरषु न जाइ कहि ।
मंजुल मंगल मूल
वाम अङ्ग फरकन लगे।







********

JAYPEE EDUSPHERE | IGNITED MINDS INSPIRED SOULS

# JAYPEE INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY

(Deemed to be University)

**AICTE Approved | UGC Approved | NAAC Accredited | NIRF Ranked**

## Shaping Leaders for Ever-changing Technological Ecosystem

# ADMISSIONS 2024

### B Tech

- Biotechnology (BT)
- Computer Science and Engineering (CSE)
- Electronics and Communication Engineering (ECE)
- Electronics and Computer Engineering (ECM)
- Electronics Engineering (VLSI Design and Technology)
- Electronics and Communications (Advanced Communication Technology)
- Information Technology (IT)
- Mathematics and Computing (M&C)

*(Option for Specialisation/Minor in AI & ML, DA, Cyber Security 5G & Advanced Technologies, VLSI Design & Technology and Universal Human Value)*

### M Tech

- Biotechnology (BT)
- Computer Science and Engineering (CSE)
- VLSI Design

### Integrated M Tech

- Computer Science and Engineering (CSE)
- Electronics & Communication Engineering (ECE)
- Biotechnology (BT)

### Lateral Entry/Direct Admission

**ADMISSION IN B TECH 2nd YEAR**

- CSE • ECE • IT • Biotechnology

### Diploma Course

3 Year Full Time Diploma Courses after class 10th

- Computer Science and Information Technology
- Food Technology
- Electronics Engineering (Microelectronic)

### B Sc (CS)

3/4 Year Full Time Bachelor in Science (Computer Science) Programme

### M Sc

- Physics • Mathematics • Microbiology • Environmental Biotechnology
- Economics

*(Option for Certificate course on Data Analytics for all MSc Programs)*

### BCA

3/4 Year Full Time Bachelor in Computer Application Programme

### MCA

2 Year Full Time Master of Computer Application Programme



### BBA

3/4 year full time Bachelor of Business Administration Programme

**Specializations:** HR, Marketing, Finance, Information Technology, Business Analytics, Insurance and Banking, Family Business Entrepreneurship, Healthcare Management.

### MBA

2 Year Full Time Master of Business Administration Programme

**Specializations:** HR, Finance, Marketing, Operations, Information Technology & Business Analytics, Education Management and Hospital & Healthcare Management.

### PhD Programs

- Biotechnology • CSE • Computer Applications • ECE • Humanities & Social Sciences • Management • Mathematics • Physics and Materials Science & Engineering

### SPECIAL FEATURES

- Declared 2021-30 as 'Decade of Innovation'
- Well equipped 130 teaching and research Laboratories
- VLSI design & Fabrication Lab
- 5G Use Case Lab
- Ramanujan Universe High Performance Computing with 110 teraflop speed.
- State-of-the-art Biotechnology & Food Technology Labs
- RIDE - Innovation Hub for start- ups
- BIRAC - Bio Incubation Hub
- State-of-the-art Digital Learning Centre
- More than 17000 Alumni serving with distinctions in India/Abroad
- Provision for Intel & Dell Certification on AI
- DST sponsored FIST Biotechnology Department

### PLACEMENT : 2023 BATCH

- Approx. 165 companies visited for placement.
- Over 140% offers and 98% eligible participating students placed.
- Highest Domestic Package by Atlassian INR 82.89 Lakhs.
- Average Package Rs. 11.13 Lakhs.

**Apply online at: www.getadmissions.com/jaypee**

Apply online at :
www.getadmissions.com/jaypee
www.jiit.ac.in

Contact Admission Cell :
+91- 7428630800/600, +91 (120) 2594400/300
admission@jiit.ac.in


********